नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020




# जोहार छत्तीसगढ़




दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 322 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 29 सितंबर 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर थाना प्रभारी प्रमोद सिंह पर कार्यवाही हेतु खैरी के ग्रमीणों ने दिया आवेदन

अंडर 16 का ट्रायल 2 अक्टूबर को, सभी वर्ग के पंजीयन होना .... पेज -8 पर


# युवाओं में अनुशासन की भावना बढ़ाने में स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यपाल

रायपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था बच्चों में अनुशासन और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करती है। संस्था से जुड़े विद्यार्थियों में मानव सेवा की भावना भी उत्पन्न होती है, जो जीवन भर उनके काम आती है।

स्काउट और गाइड को यह सिखाया जाता है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। इसने विविधता में एकता की भावना' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त उद्गार राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अलंकरण समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर और गाइडर को प्रशस्ति पत्र देकर



सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्काउट एवं गाइड श्री सत्यनारायण शर्मा, विधायक एवं उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला साहू, विधायक एवं आयुक्त श्री विनोद चन्द्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल एवं राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एक ऐसी संस्था है, जो विद्यार्थियों को संस्कारित करने का कार्य करती है। स्काउट एवं गाईड को कम सुविधाओं में तथा कठिन परिस्थितियों में स्वयं को ढाल कर

**राज्यपाल ने उत्कृष्ट स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर और गाईडर को किया पुरस्कृत**

जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। कहा जाता है कि "वन्स ए स्काउट ऑलवेज स्काउट"। यदि बच्चे में एक बार स्काउटिंग का बीज रोपित कर दिया जाए तो वह जीवन भर स्काउट बना रहता है। स्काउटिंग सभी धर्मों के प्रति श्रद्धा रखना सिखाती है। युवाओं में नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित करने का कार्य भी यह संस्था करती है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के पथप्रदर्शक थे। उन्हें युवाओं के नेतृत्व और बल पर दृढ़ विश्वास था, क्योंकि उनकी दृष्टि थी कि भविष्य का भारत युवा ही तय करेंगे। एन.सी.सी., एन.एस.एस. के समान स्काउट और गाईड ने युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने युवाओं का स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्काउट्स एवं गाइड ने अपनी नेतृत्व क्षमता के बल पर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट रोवर-रेंजर्स, स्काउट्स एवं गाइड्स और स्काउटर एवं गाइडर को राज्यपाल की ओर से नगद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## एक नजर

### शहर की सड़कों की दीवाली के पहले हो मरम्मत - कलेक्टर

**रायपुर ।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के साथ नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जोन कमिश्नरों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से साफ-सफाई की स्थिति, क्षेत्रवार नालियों की निरंतर सफाई के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त अपनी जवाबदेही समझे प्रतिदिन सुबह अपनी क्षेत्र की सफाई का निरीक्षण करें। बाजार, सड़क, सार्वजनिक स्थानों में गंदगी ना हो और लोगों को भी सफाई के लिए प्रेरित करें। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित तथा आम नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब ना हो इसका विशेष ध्यान देने कहा।

छत्तीसगढ़ में आप की सभी इकाइयां भंग

# कोमल हुपेंडी बनें रहेंगे प्रदेश अध्यक्ष, अब बनेगी चुनावी टीम, दूसरे दलों से आए नेताओं को भी मौका

रायपुर। चुनाव में उतरने से ठीक एक साल पहले आम आदमी पार्टी की प्रदेश इकाई को भंग कर दिया गया है। उसके साथ ही प्रदेश इकाई से जुड़े सभी संगठनों को भी भंग कर दिया गया है। हालांकि कोमल हुपेडी प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। आप इस साल के अंत तक नये सिरे से संगठन बनाएगी।





इसमें दूसरे दलों से आए नेताओं को भी मौका मिलेगा। यही टीम लेकर वह विधानसभा चुनाव में उतरेगी।

आप के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने बातचीत में कहा, अगले साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए लगातार बैठकों-समीक्षा का दौर चल रहा है। एक रणनीति के तहत प्रदेश इकाई को नए सिरे से संगठित करने के लिए इसे भंग किया गया है।

अब यह बड़ा संगठन बनेगा। इसमें सक्रिय और चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण लोगों को जगह दी जाएगी। संगठन को डेढ़-दो महीनों में फिर से बना लिया जाएगा। कोमल हुपेंडी ने बताया, छत्तीसगढ़ में अभी आप के साथ 2 लाख से अधिक लोग सदस्य के तौर पर जुड़ गए हैं। पिछले एक साल में करीब 550 लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर उनके साथ आए हैं। ये वे लोग हैं जो उन दलों में किसी न किसी सांगठनिक अथवा निर्वाचित पदों पर रहे हैं। अगले चुनाव से पहले पूरी टीम मजबूती के साथ जनता के बीच होगी।

### गांव-गांव तक पहुंच गया संगठन

आप के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी का कहना था, पिछले चुनाव में उनके संगठन की पहुंच गांवों तक नहीं थी। सीमित संसाधनों के साथ वे लोग केवल चुनाव चिन्ह को लोगों तक पहुंचा पाए। इस बार दो अलग-अलग अभियानों के जरिए उनका संगठन गांव-गांव तक पहुंच गया है। हर गांव से कार्यकर्ता जुड़े हैं। जिन मोहल्लों-पारों में संगठन नहीं है वहां भी पहुंच बढ़ाने की कोशिश हो रही है।

### पिछली बार 85 सीटों पर लड़ी थी, एक फीसदी से कम वोट मिले

*आम आदमी पार्टी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में पूरे उत्साह से भाग लिया था। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने खुद यहां कैंप किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने साइंस कॉलेज मैदान में जनसभा से चुनाव अभियान का आगाज किया। पार्टी ने 85 सीटों पर उम्मीदवार उतारे लेकिन सभी जमानत गंवा बैठे। पार्टी को पूरे प्रदेश में एक प्रतिशत से भी कम वोट मिला।*

# बीजापुर में IED ब्लास्ट, CRPF का जवान शहीद

एरिया डोमिनेशन पर निकले थे जवान, लौटते समय प्रेशर IED की चपेट में आया



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रेशर IED की चपेट में आने से CRPF का एक जवान शहीद हो गया है। शहीद जवान का नाम सत्यपाल सिंह है। वो हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था। पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाने की तैयारी चल रही है। बीजापुर के SP आंजनेय वार्ष्णेय ने मामले की पुष्टि की है। मामला पामेड़ थाना क्षेत्र का है।

### प्रेशर IED की चपेट में आया जवान

जानकारी के मुताबिक, बुधवार को CRPF के जवान एरिया डोमिनेशन के लिए धर्मारम से चिंतावगु की तरफ निकले हुए थे। यह इलाका पूरी तरह से नक्सलियों का गढ़ है। लौटते वक्त चिंतावगु नदी के पास CRPF जवान सत्यपाल सिंह का पैर प्रेशर IED की चपेट में आ गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि जवान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि, अन्य जवान फिलहाल सुरक्षित हैं। शहीद जवान सत्यपाल सिंह के पार्थिव शरीर को बीजापुर जिला मुख्यालय लाने की तैयारी चल रही है। बीजापुर के SP ने बताया कि अंदरूनी इलाका है। शव को लाने में करीब 3 से 4 घंटे का वक्त लग जाएगा।

# बाबा गुरू घासीदास जी के विचारों को करें आत्मसात- मंत्री रूद्रकुमार

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सात दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में हुए शामिल**

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री और सतनामी समाज के जगतगुरु गुरू रूद्रकुमार आज राजधानी के अमलीडीह में आयोजित सात दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ने गुरू गद्दी की विधिवत् पूजा-अर्चना कर कहा कि सतनाम समाज के सभी अनुयायियों को परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के विचारों को आत्मसात् कर अपने विचार एवं कर्म को स्वच्छ, सुंदर एवं उज्वल बनाए। उन्होंने कहा कि बाबा जी के बताए मार्ग पर



चले और ऐसा काम करें जिससे दूसरों को कोई भी तकलीफ ना हो सभी को जैतखाम में चढ़ने वाले पालो की तरह अपनी आत्मा और वाणी को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाएं रखना चाहिए। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के त्याग, तपस्या एवं उनके पावन कर्मों तथा सतनामी समाज के गौरवशाली इतिहास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## राजधानी में जमकर बरसे बादल,आज भी बारिश की संभावना

**रायपुर ।** बुधवार को राजधानी रायपुर में जोरदार बारिश हुई। सुबह से आसमान में काले बादल छाये हुये थे जिसके बाद दोपहर तक झमाझम बारिश शुरू हो गई जो रूक-रूक कर शाम तक होती रही। मौसम विभाग अनुसार गुरूवार को भी प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही गरज चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है. इसके साथ ही एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है जो 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# छत्तीसगढ़ चीफ मिनिस्टर ट्रॉफी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स चेस टूर्नामेंट संपन्न

जर्जिया के ग्रैंड मास्टर पेनसुलिया लेवन बने विजेता, दूसरे नंबर पर रहे रूस के सवचेंको बोरिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चीफ मिनिस्टर ट्रॉफी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स चेस टूर्नामेंट में जर्जिया के ग्रैंड मास्टर पेनसुलिया लेवन विजेता का खिताब पाया। दूसरे नम्बर पर रूस के सवचेंको बोरिस रहे। राजधानी रायपुर में 19 सितंबर से 28 सितंबर तक चली इस प्रतियोगिता देश-विदेश से आये अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंड मास्टरों के साथ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए यादगार बन गई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर



छत्तीसगढ़ में हुई इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से देश-विदेश के खिलाड़ियों के बीच छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बनी हैं। इस आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग सुधारने का मौका मिला। साथ ही नवोदित खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। इससे छत्तीसगढ़ के नवोदित खिलाड़ियों की प्रतिभा और निखरकर सामने आयेगी। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शतरंज खेल बेहतर प्लानिंग और तकनीक का खेल है। इससे हमारी सोच और दिमाग का विकास होता है।

**खिलाड़ियों को ट्रॉफी और चेक देकर किया गया सम्मानित**

उत्सव.. साइंस कॉलेज मैदान में होगा भव्य आयोजन

# राज्योत्सव एक नवम्बर से तीन नवम्बर तक

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने यहां मंत्रालय महानदी भवन से 22वें राज्योत्सव और इस अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्य अलंकरण समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली।

उन्होंने इसके गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव एक





नवम्बर से तीन नवम्बर तक साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित होगा। बैठक में डीजीपी श्री अशोक जुनेजा भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने राज्योत्सव के आयोजन के संबंध में संस्कृति विभाग के अधिकारियों को सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक नवम्बर को राज्य अलंकरण समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सम्मान एवं पुरस्कारों के संबंध में सभी आवश्यक जानकारी 15 अक्टूबर तक सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। मुख्य सचिव ने राज्य शासन के सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियों के

**राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू**

**मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली**

व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए ब्रोशर, पॉम्प्लेट, हैण्ड बिल और ऑडियो-वीडियो तैयार कर इसका वितरण एवं प्रदर्शन करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्योत्सव एक ऐसा अवसर है, जिसके माध्यम से शासकीय विभाग अपने-अपने विभागों की गतिविधियों एवं प्रगति को आम जनता तक सहजता से पहुंचा सकते हैं। मुख्य सचिव ने राज्योत्सव स्थल साईंस कॉलेज मैदान में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियां करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समारोह आयोजन समन्वय समिति का शीघ्र गठन करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा।

# आईपीएस मुकेश गुप्ता के प्रमोशन मामलें में केट का आदेश निरस्त

**रायपुर ।** आईपीएस मुकेश गुप्ता के प्रमोशन के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य शासन की याचिका स्वीकार करते हुए केट जबलपुर के आदेश को निरस्त कर दिया है। बता दें, 2018 में मुकेश गुप्ता का एडीजे से डीजी पद पर प्रमोशन हुआ था, फिर 2019 में राज्य शासन ने मुकेश गुप्ता के प्रमोशन को निरस्त कर दिया था। इसके बाद शासन के आर्डर को कैट ने निरस्त कर दिया था। और यह मामला हाईकोट चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में लगा था।



आईपीएस मुकेश गुप्ता ने शासन के आदेश के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण में केस लगाया था। कैट ने उनके पक्ष में आदेश दिया, और शासन के प्रमोशन निरस्त करने के आदेश पर रोक लगा दी थी। राज्य शासन ने कैट के इस फैसले को अवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मुकेश गुप्ता के पक्ष में आदेश दिया और कैट के फैसले को सही ठहराया था।

जानकारी दें, कि 6 अक्टूबर 2018 को आचार संहिता लगने के कुछ ही घण्टे पहले पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश जारी कर आईपीएस मुकेश गुप्ता समेत अन्य दो आईपीएस को एडीजी से डीजी के पद पर प्रमोशन दे दिया था। फिर आर्थिक अनियमितता व गड़बड़ियों के चलते मुकेश गुप्ता को निलंबित कर उनका प्रमोशन निरस्त कर दिया गया था। जिसके खिलाफ मुकेश गुप्ता ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण( कैट) में अपील की थी।

# राजस्थान की राजनीतिक उठापटक में गांधी परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर

*मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपके रहने का मोह अशोक गहलोत छोड़ नहीं पा रहे हैं। कुर्सी का मोह छूटे भी तो उस पर घोर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट ना बैठें, इसके लिए सभी अस्त्र-शस्त्र निकालकर 45 वर्षों की वफादारी को भुलाकर वो खुलकर सामने आ गए हैं। कुल मिलाकर अब तक गांधी परिवार का सच्चा सिपहसालार कहे जाने वाले अशोक गहलोत का जो चेहरा सामने आया है, उसने सभी को आश्चर्य में डाल दिया है, क्योंकि कुछ महीने पहले जब पंजाब में ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वालों में अशोक गहलोत सबसे आगे थे। उस समय गांधी परिवार के प्रतिनिष्ठा की बात थी। अब जब खुद की कुर्सी पर बात बन आई है तो सारी निष्ठा तार-तार हो गई है।*

पिछले रविवार को जो प्रकरण हुआ, उसने गांधी परिवार के आलाकमान की छवि को भी धूमिल कर दिया है, यानी अब साफ है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी पर परिवार की वह पकड़ नहीं रह गई, जो पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी या राजीव गांधी के समय में हुआ करती थी।

अब तो अशोक गहलोत के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन की बात भी खटाई में पड़ गई है। संशय है कि अब संभवत: वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन भी ना करें। तर्क वही, बहुमत में विधायक नहीं चाहते कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ें और यदि छोड़ें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद छोड़ें। मानेसर प्रकरण के समय सरकार बचाने वाले 102 विधायकों में से किसी को मुख्यमंत्री बनाया जाए।

## राजस्थान में सियासत की करवट

अशोक गहलोत के लिए अब जब बात राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन ना भरने पर आ गई है तो फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तो बने ही रहेंगे। इधर-उधर के जो नाम चल रहे थे, वह अब करीब-करीब शांत होते दिख रहे हैं। अब तो यही है कि पहले कैसे राजस्थान को संभाला जाए? इस पूरे घटनाक्रम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की हवा निकाल दी है। अब भारत जोड़ने से ज्यादा कांग्रेस जोड़ने पर फोकस हो गया है।

गहलोत और पायलट के बीच आपसी विग्रह नई नहीं है। वर्ष 2018 की सर्दियों में जब कांग्रेस पार्टी साधारण बहुमत से राजस्थान की सत्ता में लौटी थी, तब पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की बात थी, क्योंकि उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था। उस समय अशोक


सियासी संकट

गहलोत और पायलट के बीच आपसी विग्रह नई नहीं है। वर्ष 2018 की सर्दियों में जब कांग्रेस पार्टी साधारण बहुमत से राजस्थान की सत्ता में लौटी थी, तब पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की बात थी, क्योंकि उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था। उस समय अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को अपने पक्ष में कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कब्जा कर लिया था।

गहलोत ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को अपने पक्ष में कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कब्जा कर लिया था, जबकि राहुल गांधी को सचिन पायलट के पक्ष में बताया जा रहा था।

तब भी एक प्रकरण ऐसा हुआ था, जिसने गहलोत और पायलट के बीच दूरियों को बढ़ाया था। उस समय दिल्ली से जयपुर लौट रहे अशोक गहलोत को एयरपोर्ट से वापस पार्टी नेतृत्व के पास लौटना पड़ गया था। मानेसर प्रकरण के समय तो अशोक गहलोत की कुर्सी जाते-जाते बची थी। उस दौरान उन्होंने सचिन पायलट को नाकारा-निकम्मा तक कह डाला था। पायलट को प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री पद से निष्कासित कर अपने विश्वसनीय नेताओं को बैठा दिया था।

सीएम की कुर्सी फिलहाल पायलट की पहुंच से दूर

एक सवाल जो राजनीतिक हलकों में पिछले चार-पांच दिनों से घूम रहा है, वह यह है कि क्या कारण है, जो गहलोत कैंप इतना आक्रमक हो गया? दरअसल, जिस दिन अशोक गहलोत को सोनिया गांधी ने दिल्ली बुलाया था और राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए कहा था, उसी के आसपास सचिन पायलट ने भी दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात की थी।

यदि उसी दिन अशोक गहलोत से इस्तीफा ले लिया जाता और सचिन पायलट के नाम का ऐलान कर दिया जाता तो यह किस्सा वहीं खत्म हो जाता, लेकिन गहलोत कैंप को पूरा स्पेस दिया गया। साथ ही, पायलट गुट ने भी अतिउत्साह में सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर बढ़-चढ़कर सचिन के लिए प्रचार शुरू कर दिया। सचिन पायलट ने भी ऐसा व्यवहार किया, जिससे साफ झलक रहा था कि उन्हें आलाकमान ने हरी झंडी दे दी है और अब वही अगले मुख्यमंत्री होंगे। साथ ही, एकाएक जयपुर में विधायक दल की बैठक बुला ली गई। राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे को पर्यवेक्षक बनाकर भेज दिया गया। सारा खेल यहीं से शुरू हुआ। अशोक गहलोत को लगा कि उनके साथ कोई खेल हो रहा है, उन्हें फंसाया जा रहा है।

गहलोत गुट के शांति धारीवाल, प्रताप सिंह खाचरियावास, संयम लोढ़ा, सुभाष गर्ग समेत कई नेता मुखर हो गए। राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत ने अपनी चाल चल दी। रविवार शाम को नाटक से पर्दा उठा और इस्तीफों की झड़ी के बीच न केवल कांग्रेस आलाकमान की जगहंसाई हुई, बल्कि अति आत्मविश्वास में डूबे पायलट के फिलहाल मुख्यमंत्री बनने पर पूर्णविराम लग गया।

## बिखरते कांग्रेस को बचाना पहला लक्ष्य

गांधी परिवार के लिए अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना प्राथमिकता नहीं रह गया है। पहले बिखरती कांग्रेस को राजस्थान में संभालने की चुनौती सामने खड़ी है। वैसे सोशल मीडिया पर पायलट कैंप अब बेहद आक्रमक है और अशोक गहलोत के लिए जमकर अपशब्द कह रहा है।

विनोद पाठक

## संपादकीय

# नफरत है राष्ट्रधर्म!

पता नहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जोसेफ किस दुनिया में जी रहे हैं। तभी उनका नफरत को कोसना और उनका टीवी चैनलों व एकंरों पर ठीकरा फोड़ना आश्चर्यजनक है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कानून बनाए। सोचें, उस सरकार से उम्मीद, जिसका राष्ट्रधर्म और राष्ट्र मकसद नफरत है। नफरत की जो गंगोत्री है। कल्पना करें कि जस्टिस जोसेफ की जब टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह व उनके अफसरों ने सुनी होगी तब उन्होंने नफरत की किस भाव-भंगिमा में जज साहेब पर सोचा होगा। क्या दिल्ली की सत्ता, देश की सत्ता, हिंदू राष्ट्र और राजनीति के मौजूदा दिमाग में रत्ती भर भी जज साहेब की चिंता क्लिक हुई होगी? क्या मीडिया, टीवी चैनल, एकंर तनिक भी परेशान हुए होंगे?

कतई नहीं। क्यों? इसलिए कि ये सब मौजूदा राष्ट्रधर्म के पालक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तथा संघ परिवार के सच्चे, व नफरत के कर्तव्य पथ पर चलने वाले सेनानी हैं। इन टीवी चैनलों से ही हिंदुओं की बुद्धि है, उनका ज्ञान है और सपने हैं। प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा है। भक्ति का अंधविश्वास है। भारत बुद्धि का गंवार निर्माण है। प्रजा का सत्ता गुलाम बनना है।

दिल पर हाथ रख कर ईमानदारी से सोचें कि क्या नफरत, नफरती सरकार, नफरती मीडिया और लोगों की नफरती बुद्धि से सन् 2022 में भारत का राष्ट्र निर्माण होता हुआ नहीं है? नफरत वह जादू है, वह ईवीएम मशीन है, जिससे नरेंद्र मोदी की चुनावों में बार-बार छप्पर फाड़ जीत है।

# छानबीन में मिले पुख्ता प्रमाण जुटाने होंगे, तोड़नी होगी कमर

पीएफआई यानी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों और स्थानों पर एक साथ पूरे देश के दस से अधिक राज्यों में छापे तथा सौ से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां बताती हैं कि एनआईए यानी राष्ट्रीय जांच एजेंसी और ईडी लंबे समय से इसकी तैयारी कर रही थी। लगता है कि केंद्र सरकार ने छिटपुट कार्रवाई के बजाय एक साथ इस संगठन की कमर पूरी तरह तोड़ने तथा हर संभव सबूत इकट्ठा कर सारे संदिग्धों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई थी।

जैसी आशंका थी, पीएफआई और दूसरे कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन इस कार्रवाई को आसानी से स्वीकार नहीं करेंगे। केरल से लेकर तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र, कर्नाटक और महाराष्ट्र में पीएफआई और उसके समर्थकों ने हिंसक प्रदर्शन किए हैं और आपत्तिजनक नारें लगाए हैं। केरल में स्थिति इतनी बिगड़ गई कि उच्च न्यायालय को इन विरोध प्रदर्शनों का संज्ञान लेना पड़ा। एसडीपीआई यानी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया दावा करती है कि उसका पीएफआई से कोई संबंध नहीं है, पर कई जगह उसके कार्यकर्ताओं ने पीएफआई के साथ न केवल छापे का विरोध किया, बल्कि हिंसक प्रदर्शनों और भारत विरोधी नारों तक में वे लगातार दिख रहे हैं। तो इस सबको किस रूप में देखा जाए? कुछ भाजपा व आरएसएस के विरोधियों के लिए



पीएफआई के खिलाफ कारगर रणनीति

भारत में पीएफआई का वित्त पोषण करने वालों की बड़ी संख्या है। दूसरे मुस्लिम संगठन ही बताते रहे हैं कि मुस्लिम व्यापारी पीएफआई की मदद कर रहे हैं। इस संदर्भ में पूरी जानकारी इन सबसे समस्त पूछताछ तथा छानबीन के बाद अवश्य सामने आएगी। जाहिर है, जो संपन्न लोग या व्यापारी पीएफआई को धन देते रहे हैं, उनके लिए भी आने वाले दिन कठिन होने वाले हैं।

पीएफआई के विरुद्ध कार्रवाई भी मुस्लिम विरोधी एवं हिंदू वर्चस्व की कार्रवाई है। आश्चर्य की बात है कि भारत की कोई राजनीतिक पार्टी खुलकर पीएफआई और एसडीपीआई के विरुद्ध कार्रवाई का समर्थन करने या इन दोनों का विरोध करने के लिए सामने नहीं आ रही है। हालांकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्पष्ट कहा है कि पीएफआई की हड़ताल के दौरान राज्य में हुई हिंसा पूर्व नियोजित थी। उन्होंने पीएफआई पर करारा प्रहार किया है। पर उनके शासनकाल में पीएफआई की गतिविधियां खुलेआम चलती रही हैं। केरल के कोच्चि में एनआईए ने पकड़े गए पीएफआई चरमपंथियों को रिमांड पर लेने के लिए जो रिपोर्ट सौंपी, उसमें बताया गया है कि इनके संगठन ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा और आईएस जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया था। यह तर्क दिया जा सकता है कि एनआईए या ईडी ने केवल आरोप लगाए हैं, अभी ये प्रमाणित नहीं हुए हैं। बेशक, न्यायालय में आरोप प्रमाणित नहीं हुए हैं, लेकिन देश के सामने पीएफआई क्या है, यह स्पष्ट है। यह भारत की अकेली संस्था है, जिसके विरूद्ध राज्यों में 100 से ज्यादा मामले आतंकवाद विरोधी कानून यानी गैरकानूनी गतिविधियां निवारक कानून के तहत दर्ज हैं। छापे से बरामद दस्तावेज एवं गिरफ्तार पीएफआई सदस्यों से पूछताछ के बाद एनआईए एवं ईडी ने दावा किया है कि इनके निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे।

एनआईए और ईडी के अनुसार, पश्चिम एशिया में आईएफएफ पीएफआई के लिए धन जुटाने का सबसे बड़ा माध्यम बना हुआ है। अकेले संयुक्त अरब अमीरात और अरब देशों से पीएफआई को हर महीने 30 लाख दिरहम यानी करीब 6.7 करोड़ रुपये की फंडिंग होती है। भारत में पीएफआई का वित्त पोषण करने वालों की बड़ी संख्या है। दूसरे मुस्लिम संगठन ही बताते रहे हैं कि मुस्लिम व्यापारी पीएफआई की मदद कर रहे हैं। इस संदर्भ में पूरी जानकारी इन सबसे समस्त पूछताछ तथा छानबीन के बाद अवश्य सामने आएगी। जाहिर है, जो संपन्न लोग या व्यापारी पीएफआई को धन देते रहे हैं, उनके लिए भी आने वाले दिन कठिन होने वाले हैं।

अवधेश कुमार

## मिला जुला

# नगर की कुलदेवी महामाया मंदिर में 2061 अखण्ड ज्योत प्रज्वलित

### सम्राट समुद्रगुप्त के काल में हुआ था प्रतिमा स्थापना और तालाब निर्माण

-मानिक गुप्ता

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आदि शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो चुका है। महासमुंद की कुलदेवी राजराजेश्वरी मां महामाया की फुलवारी में खिले ज्योति सुमन की निराली छटा श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर रही है। माता दर्शन के लिए पहले दिन से ही उत्साही भक्तों की भीड़ भी शुरू हो गई है। कोरोना की कहर के चलते बीते 2 वर्षों तक नवरात्र महोत्सव का आयोजन लगभग ठंडे बस्ते में रहा। इस बार इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में व्यापक उत्साह छलक रहा है। पूरे नवरात्र भर यहां मेले सा माहौल रहता है। लाखों लोग यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। सभी वर्ग और धर्म के लोगों की मौजूदगी यहां सर्व धर्म समभाव का अत्यंत सुंदर मंजर नजर आता है। नगर के हृदय स्थल



पर स्थित महामाया मंदिर और महामाई तालाब के उल्लेख के बिना महासमुंद नगर की पहचान अधूरी है। इतिहास के जानकार मानते हैं किए यहां पर सम्राट समुद्रगुप्त की विजय वाहिनी ने शिविर डाला था। पहले यह स्थान महासमुद्र के नाम से जाना जाता था। अपभ्रम महासमुंद हो गया है। अनुमान है किए जिस समय सम्राट समुद्रगुप्त की विजय वाहिनी ने यहां शिविर डाला था। संभवत उसी समय सम्राट की पलटन सेना, ने स्नान-ध्यान की जरूरत पूरी करने के लिए तालाब और मंदिर का निर्माण किया था।

## पहले तालाब फिर मंदिर का अस्तित्व आया सामने

बताया जाता है किए पहले जिंदगी के घरों की बस्ती थी महासमुंद घने जंगलों से गिरे इस बस्ती के एक किसान की भैंस गुम हो गई थी जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली थी। फिर जब भैंस मिली तो उसके सिर और सिंग पर काई देखकर आसपास पानी की डबरी होने का अनुमान लगाया गया। खोजबीन करने पर तालाब का पता चला और महिषासुर मर्दिनी माता महामाया की प्रतिमा सहित मंदिर की भी जानकारी मिली। वर्तमान में पुराने मंदिर का स्वरूप बदल चुका है। लेकिन भव्य मंदिर में माता की प्रतिमा प्राचीन ही है। महामाई तालाब का क्षेत्रफ ल भी काफ ी सिमट चुका है। पहले यहां पर पाड़ा ;भैंस के बच्चेद्ध की बलि चढ़ाई जाती थी। जैनियों द्वारा बलि प्रथा के विरोध में अहिंसा आंदोलन चलाए जाने के बाद यहां पर बलि प्रथा बंद कर दी गई है। इसी प्रकार से 6.7 दशक पूर्व महिलाओं के लिए माता दर्शन की मनाही थी। कहां जाता था किए गर्भवती महिलाएं अगर मां के दर्शन कर ले तो स्वमेव गर्भपात हो जाया करता था। कालांतर में उक्त अंधविश्वास का खात्मा होने के बाद आज माता दर्शन करने वालों में सर्वाधिक भीड़ महिलाओं की होती है। अब तो संतान के लिए मनौतियां मानी जाती है।

## घने जंगलों में भी बह रही शक्ति के भक्ति की बयार


नगर के पूर्वोत्तर में 10 किलोमीटर की दूरी पर वन क्षेत्र स्थित महादेव पठार सहित चंपई माता के दरबार में भी पूरी श्रद्धा से आदिशक्ति की आराधना उपासना की जा रही है। दोनों ही स्थानों पर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित है। विराने जंगल में स्थित इन स्थानों पर देवी पूजा की परंपरा विगत कई वर्षों से चली आ रही है। विभिन्न गांवो से सेवा मंडली यहां आकर जस गीत रामायण आदि कार्यक्रम के जरिए अपनी श्रद्धा प्रगट करते हैं। पूरे नवरात्र भर यहां लोगों की चहल-पहल बनी रहती है।

# सीएमओ महासमुंद के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई हो- पंकज साहू

### मामला राज्य शासन के आदेश के अनुपालन का

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पालिका परिषद महासमुंद के सीएमओ क्या जिला कलेक्टर से वरिष्ठ हो गए हैं। यह सवाल दागा है, पूर्व पार्षद और समाजसेवी पंकज साहू ने। जाता है किए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान पार्षद तथा सभापति जल विभाग पवन पटेल को अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में नगर पालिका को आर्थिक क्षति पहुंचाने के मामले में राज्य शासन द्वारा 5 वर्ष से अनधिक समय के लिए पार्षद अध्यक्ष के निर्वाचन ध्मनोनयन के लिए अयोग्य करने बीते 12 सितंबर को आदेश जारी किया गया। सीएमओ महासमुंद को भी 21 सितंबर को इसकी कापी मिल गई। प्रतिलिपि कलेक्टर और पार्षद पवन पटेल को भी प्रेषित हुई थी। उक्त आदेश



के अनुपालन में पंकज साहू द्वारा 22 सितंबर को पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अवर सचिव को मांग पत्र प्रेषित कर पवन पटेल को पार्षद व सभापति पद से जाने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ सीएमओ ने भी कलेक्टर को, शासनादेश की प्रति संलग्न कर कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित कर दिया। जबकि नियमानुसार सीएमओ पालिका के प्रमुख अधिकारी हैं और मैं शासन के आदेश को क्रियान्वित करना चाहिए और पार्षद को पद मुक्त की सूचना देकर कलेक्टर व निर्वाचन आयोग तथा विभाग को सूचित करना चाहिए। परंतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा जानबूझकर पार्षद को अनुचित लाभ पहुंचाने की मंशा से नियम विरुद्ध अपने वरिष्ठ और विहित अधिकारी कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया जाना सीएमओ की प्रशासनिक क्षमता पर प्रश्न लगाता है। समाजसेवी पंकज साहू ने छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन मंत्रालय रायपुर एवं जिला कलेक्टर को इसकी शिकायत करते हुए सीएमओ के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# दो सिर वाली बच्ची ने लिया जन्म,देखने को लगा लोगों का तांता

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत खमरौध के उप स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की सुबह दो सिर की बच्ची ने जन्म लिया। जन्म लेते ही एक सिर मृत अवस्था में था जबकी दूसरा सिर कुछ देर तक जीवित रहा। इसकी सूचना मिलते ही उप स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची को देखने के लिए लोगों का तांता लगा राह। सभी लोग 2 सिर वाली बच्ची को देखकर हैरान और दंग रह गये। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करवा के चंद प्रकाश की पत्नी रामकली





को बुधवार को सुबह प्रसव का दर्द होने पर उसे उप स्वास्थ्य केंद्र। खमरौध में भर्ती कराया गया। 28 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे रामकली ने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव करा रहे अस्पताल के कर्मचारियों और नर्स ने देखा की जन्म लेने वाली नवजात बच्ची के 2 सिर आपस मे जुड़े हुए हैं। देखते ही देखते ये बात पूरे गांव में आग की तरह फैल गई जिसके बाद 2 सिर वाली बच्ची को देखने के लिये सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंच गये। ड्यूटी में तैनात अस्पताल के कर्मियों ने बताया की जन्म के बाद ही बच्ची का एक सिर शुरू से ही निष्क्रिय रहा जबकि दूसरा सिर कुछ देर तक मूवमेंट कर रहा था। लाखों मरीजों में इस तरह का मामला सामने आता है। पूरी तरह से शारीरिक विकास नहीं हो पाने के कारण बच्ची की मौत हो गई है वहीं रामकली अभी भी अस्पताल में भर्ती है जहां उसका उपचार चल रहा है।

# भाजपा में घर वापसी पर डॉ. संपत का बसना में आतिशी स्वागत

### पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने करूंगा प्रयास-संपत अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ सम्पत अग्रवाल के भारतीय जनता पार्टी के शामिल होने के बाद प्रथम बसना नगर आगमन पर जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पिथौरा, सांकरा, भगतदेवरी व बसना के राष्ट्रीय राजमार्ग.53 बाईपास से फ ूल माला से सजे जिप्सी में सवार डॉ. सम्पत अग्रवाल का भाजपाइयों एवं नीलांचल सेवा समिति के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का गमछा और झंडा पकड़कर विशाल बाइक रैली निकाली। जहां डीजेए कीर्तन मंडली बाजे.गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और संपत अग्रवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जनपद चौक से बस स्टैंड सड़क मार्ग से होते हुए सभा स्थल शहीद वीरनारायण सिंह चौक पहुंचे। इस दौरान नीलांचल सेवा समिति के सदस्यों, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुख, अनेक ग्राम के महिला समितियों सहित क्षेत्र की जनता ने डॉ. सम्पत अग्रवाल ऐतिहासिक रूप में स्वागत किया। डॉ. सम्पत अग्रवाल ने सर्वप्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर पांडे, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष धनमाली साव, भूतपूर्व सैनिक वेणुधर साहू, पूर्व भाजपा जिला



उपाध्यक्ष सुवर्धन प्रधान, बसना नगर पंचायत के अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, पनिका मानिकपुरी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीशदास, बसना आंचलिक कोलता समाज के अध्यक्ष लखपति प्रधान, सभापति कोलता समाज थबीर साहू, पटेल संघ के अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह जटाल, सारंगढ़ के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवालए पूर्व पार्षद निर्मल दास, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन अग्रवाल, शीत गुप्ता, मीडिया सलाहाकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, विकास वाधवा, रमेश डड़सेना, नरेन्द्र साहू,नीलांचल सेवा समिति के 18 सेक्टर प्रमुखों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही बसना नगर के अग्रवाल महासभा के युवाओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विशाल जनसमुदाय को अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि शुरू से ही मूल रूप से स्वमं सेवक संघ का सदस्य रहा हूं। भारतीय जनता पार्टी मेरा परिवार है। कुछ समय के लिए ना चाहते हुए भी पार्टी से दूर रहा। आज मैं बहुत खुश और अभिभूत हूं कि विश्व की सबसे बड़े पार्टी भाजपा में घर वापसी हुई है। इसके लिए केंद्रीय, प्रदेश, जिला नेतृत्व सहित स्थानीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे मौका दिया। निश्चित ही सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के साथ पार्टी को शिखर पर पहुंचाने का काम करते हुए सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# मनरेगा योजना में सामने आया फर्जीवाड़ा, मजदूरों की जगह जेसीबी से कराया काम

जोहार छत्तीसगढ़- सुकमा।

कोंटा विकास खंड से महज 20 किलोमीटर दूर पर बसा मुलाकिसोली ग्राम पंचायत किसी न किसी मामले को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। बहुमूल्य ग्रेनाइट खदान के फर्जी टेंडर को लेकर मुलाकिसोली पंचायत छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं बल्कि अंतरराज्जीय पहचान बना ली है। ग्रेनाइट टेंडर को लेकर सरपंच, पटेल एवं ग्राम सदस्यों के फर्जी दस्तखत से टेंडर करते देख भाजपा एवं भाकपा ने फर्जी तरीके से हो रही इस टेंडर को रोक लगाने एवं फर्जी दस्तखत किए मुलाकिसोली सचिव के ऊपर,र्राबोर थाने में एफ आई आर दर्ज भी करवाई गई थी। उसकी जांच पूरी भी नहीं हुई मुलाकिसोली पंचायत के सचिव ने गरीब आदिवासियों के साथ खिलवाड़ करते हुए एक और फर्जीवाड़ा सामने आई है। भ्रटाचार में लिप्त सचिव ने शासन की आड़ में मनरेगा अधिनियम अधीन भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्धारित तथा निर्देशों की धज्जियां



उड़ाते हुए सड़क निर्माण कार्य को गरीब आदिवासी मजदूरों से ना करवाकर जेसीबी से करवाया गया है। हैरान करने वाली बात ये है कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से एक माह पहले ही वंजम गुडा से जगावरम मार्ग में 2 किमी के सड़क का निर्माण जेसीबी से करवाया गया है। और 10 लाख से ज्यादा पैसा भी आहरण कर लिया गया है। इस से यह स्पष्ट हो जाता है कि पंचायत सचिव की पहुंच कहां तक है तथा सचिव के ऊपर शासन का आशीर्वाद कितना है।

## मनरेगा के उद्देश्य का ही गला घोंट दिया

ग्रामीण क्षेत्रों में हर व्यक्ति को कार्यस्थल पर उनकी आधार भूत जरूरतों को ध्यान में रखकर 100 दिन का रोजगार मुहैया कराने तथा ग्रामीणों का पलायन करने से रोकने के लिए मनरेगा योजना लागू किया गया था। ताकि मनरेगा के लागू होने से पंचायती राज व्यवस्था काफी सुदृढ़ होगी। इससे सबसे ज्यादा फायदा यह होता है कि ग्रामीणों का पलायन रुक सकता है। लोगों को घर बैठे काम मिलेगा और निर्धारित मजदूरी भी। लेकिन मुलाकिसोली पंचायत के सचिव ने मनरेगा योजना के नियमों का ही गला घोंट दिया। उक्त सचिव के ऊपर तीन साल पहले मुलकिसोली पंचायत में भ्रष्टाचारी के मामले में जांच दल बैठा कर तत्काल दूसरे पंचायत में भी स्थानांतरण किया गया था। लेकिन सत्ता पक्ष के संरक्षण के चलते बिना कार्यवाही किए ही पुन: मुलाकिसोली पंचायत में ही पदस्थ रखा गया है।

## पहली बारिश में ही गुणवत्ता विहीन सड़क की उड़ी धज्जियां

मनरेगा का उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय वर्ष में हर मनरेगा जॉब कार्ड परिवार के लिये कम से कम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान करना हैएलेकिन भ्रटाचार की आदि पड़े सचिव ने सत्ता की आड़ में प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से पहले ही नियमों के विरुद्ध मजदूरों के द्वारा करवाए जाने वाले सड़क निर्माण कार्य को जेसीबी से गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण किया गया था। जो जुलाई माह में गिरे पहली बारिश ने बहा ले गया है।

## मजदूरी नहीं मिलने से आदिवासी परिवार कर रहे हैं पलायन

बेकसूर गरीब आदिवासी मजदूर रोजगार नहीं मिलने के कारण दो वक्त की रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन के लिए मजबूर हैं। जबकि ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से पहली प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र का विकास तथा भारत से गरीबी और भुखमरी हटाने के उद्देश्य से सामाजिक और आर्थिक आधार पर जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की एक अच्छी पहल मनरेगा योजना है लेकिन निजी स्वार्थ के चलते अपनी कमाई को ताक में रखकर गरीब आदिवासियों की मजदूरी कार्य को छीनकर जेसीबी से सड़क निर्माण कार्य करवाया गया है। जिससे दो वक्त की रोटी की तलाश में मुलाकिसोली पंचायत के कई ग्रामीण आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य की ओर पलायन कर चुके हैं।

## मजदूरी भी नहीं, मजदूरी का मेहनताना भी नहीं

*कोंटा विकास खंड के गरीब असहाय भोले भाले आदिवासी परिवारों की स्थिति इतनी गंभीर है कि बातों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। एक ओर न भूख न प्यास दूसरी ओर भीषण गर्मी की चपेट में लहू लुहान होते शरीर को भी नजरंदाज करके परिवार के भरण पोषण के लिए तेंदूपत्ता की तुड़ाई करते हैं। ग्रामीण अंचलों की जिंदगियां वनोपज के तेंदूपत्ता संग्रहण से लेकर महुआ,टोरा के आमदनी में ही आश्रित रहती है। इसमें हुई आमदनी से उनके परिवारों में होने वाले त्योहार, शादी,एवम् अन्य घरेलू कार्यों में खर्च करते हैं। उक्त तीन चार वनोपज पर ही पूरा परिवार आश्रित रहता है। शासन की छत्र छाया के संरक्षण में भ्रष्टाचारी करते लोग अपनी हदे पार करके बेकसूर आदिवासियों के तेंदूपत्ता मेहनताना पैसों को लूटने से लेकर मनरेगा मजदूरी कार्य को छीनने तक कोई कसर नहीं छोड़ी है।*

# शराब पकड़ने पहुंची आबकारी टीम की पिटाई

* ग्रामीण मां-बेटी पर मारपीट का जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

शराब की अवैध बिक्री की शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचे आबकारी अमले के साथ मारपीट हो गई। घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम मुनगाडीह का है। पुलिस ने शिकायत पर मां और बेटी के खिलाफ सरकारी काम में बांधा पहुंचाने सहित मारपीट का जुर्म दर्ज किया है। आबकारी उपनिरीक्षक सविता रानी मेश्राम ने बताया कि 27 सितंबर को शराब की अवैध बिक्री की शिकायत पर वे अमले के साथ मुनगाडीह निवासी बिंदा बाई के घर गए थे। तलाशी पूर्व बिंदा बाई और पुत्री सीमा बंजारे की आबकारी अमले के साथ झड़प हो गई और मारपीट हो गई। इससे उपनिरीक्षक के हाथ में खरोंच आई है। मेश्राम ने बताया कि आरोपियों ने उनके साथ गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस दौरान आरोपियों के घर से 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 294ण् 186ए 332, 353, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# थाना प्रभारी प्रमोद सिंह पर कार्यवाही हेतु खैरी के ग्रमीणों ने दिया आवेदन

प्रमोद सिंह पलारी थाना प्रभारी से क्षेत्र में दहशत का माहौल

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदा बाजार।

बलौदा बाजार भाटापारा जिले के पलारी थाना क्षेत्र में अजब गजब का माहौल देखने को मिल रहा है एक तरफ तो पलारी पुलिस हर अवैध कार्यों पर अंकुश लगाते हुए वाहवाही लूट आ रही है और आज भी ताजा जानकारी के अनुसार थाना पलारी पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को 70 पाव देसी मसाला एवं 52 लीटर महुवा शराब तथा तीन मोटरसाइकिल भी जप्त कर कार्यवाही किए जिसमें पुलिस अधीक्षक ने भी पलारी थाना प्रभारी प्रमोद सिंह के कार्यों को देख कर और पलारी पुलिस टीम की सराहना भी की मगर आज ही इसी तरह में पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरी के ग्रामीणों ने



पुलिस अधीक्षक से प्रमोद सिंह के ऊपर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की भी मांग की मामला का विवरण इस प्रकार से है कि पलारी थाना में पदस्थ थाना प्रभारी प्रमोद सिंह जो सिंघम की तरह ही कार्य कर रहे हैं और क्षेत्र में दबदबा बनाते हुए हर अवैध कार्यों पर अंकुश लगा रहे हैं साथ ही साथ हर प्रकरण पर जल्द से जल्द निपटारा करने हेतु आतुर दिखाई दे रहे हैं मगर आज ग्राम खैरी के लोगों ने थाना प्रभारी प्रमोद सिंह के ऊपर बेहद नाराजगी जताते हुए उन पर कड़ी कार्यवाही के लिए आवेदन दिए जिसमें लिखा गया था कि ग्राम खैरा के निवासीगण प्रमोद सिंह से बहुत परेशान है क्योंकि प्रमोद सिंह थाना प्रभारी मनमानी ढंग से कार्य करते हैं जबरन किसी न किसी भी केस दायर कर देता है और कभी भी आकर खैरी वालों को उठा कर थाना ले जाता है जिससे उन्हें बदनामी सहनी पड़ती है ताजा उदाहरण के लिए खैरी निवासी सम्मत धृतलहरें जो किसी भी शराब के मामले में संलिप्त नहीं था फिर भी उसे 34/2 की कार्यवाही में जेल जाना पड़ा और उसी तरह सुखचंद बांधे को भी केस बनाकर जेल भेज दिया गया ऐसे में हो सकता है कि अगर वहां कोई अनुचित घटना घट जाए या कोई मर्डर जैसे कार्य में हो जाए तो किसी न किसी को आरोपी बना दिया जाएगा ऐसी हालत में वह असहज और असहाय महसूस कर रहे हैं उपरोक्त बातें खैरी निवासी लोगों ने अपने आवेदन में कही तथा प्रमोद सिंह थाना प्रभारी के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की पुलिस अधीक्षक बलोदा बाजार दीपक झांसी मांग की। खैरी के लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है जिस पर हम जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर।** कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जगदलपुर में बेरोजगार युवाओं द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे ईमली प्रोसेसिंग यूनिट, बेकरी, डेयरी उत्पाद, मसाला उद्योग, अचार पापड़ बड़ी निर्माण, वनोपज पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण यूनिट इत्यादि की स्थापना के लिए तथा स्थापित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विस्तार हेतु केन्द्र शासन की ''प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत् वर्ष 2022-23 में ऋण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत बस्तर जिले को 35 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना अंतर्गत परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम सीमा 10 लाख अनुदान है। योजनान्तर्गत व्यक्तिगत हितग्राही, स्व-सहायता समूह एवं कृषक उत्पादन संगठन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक तथा निवास संबंधी दस्तावेज सहित ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट में किया जा सकता है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, झंकार टॉकीज के पीछे जगदलपुर में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

### अवैध निर्माण भवन अनुज्ञा के निर्माण किये भवनों का नियमितीकरण करने के लिए नगर पालिका या नगर पंचायत में करना होगा आवेदन

**कांकेर ।** नगरपालिका से बिना भवन अनुज्ञा लिए अथवा अनुज्ञा के विपरीत बनाये गये आवासीय एवं गैर आवासीय भवन के नियमितीकरण हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण नियम 2022 जारी किया गया है, इससे वे सभी भवन जिनका भूमि उपयोग परिवर्तन एम.ओ.एस., एफए.आर. पार्किंग में भवन अनुज्ञा से विपरीत है, उनका नियमितीकरण निर्धारित शास्ति लेकर किया जावेगा।

### बस्तर में सुगंधित धान, मसालों व तिलहन की खेती की अपार संभावना - डॉ.कमलप्रीत सिंह

**जगदलपुर ।** कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बस्तर संभाग में कृषि एवं सहयोगी विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान खरीफ वर्ष 2022 की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2022-23 के कार्यक्रम निर्धारण के लिए आयोजित बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बस्तर में सुगंधित धान के साथ ही मसालों की खेती की अपार संभावनाएं हैं, साथ ही बस्तर में तिलहन की खेती के लिए भी जलवायु अनुकूल है। उन्होंने बस्तर में सरसों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर को जैविक संभाग बनाने की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने मिलेट मिशन के तहत रागी व कोदो-कुटकी के उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यता है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव एवं संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली ने कहा कि संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत बीज आज भी उपलब्ध हैं, जिनकी कई विशिष्टताएं हैं। इन बीजों की जानकारी रखने के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से इनका पंजीयन करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन बीजों की विशिष्टताओं के संबंध में जागरुकता लाए जाने की आवश्यकता भी है, जिससे इनकी अच्छी कीमत प्राप्त हो। उन्होंने वर्तमान समय में पूरे विश्व में बढ़ी गेहूं की मांग को देखते किसानों को गेहूं की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि लघु सिंचाई परियोजना तथा नए जलस्त्रोतों के आस-पास के किसानों को आसानी से प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए किसान पंजीयन पर जोर दिया।

# जन्म दिवस पर कांग्रेसियों को याद आये शहीद-आजम भगत सिंह

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

शहीद भगत सिंह अपने आप को देश के लिए समर्पित कर चुके थे। इसी विचार के साथ हमेशा देश को आजाद करने के जद्दोजहद में लगे रहते थे सरदार भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी हुए जो नौजवान भारत सभा,हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन,सोसिएशन संगठन से जुड़े रहे एवं देश के आजादी के लिए उन्होंने मात्र 23 वर्ष की उम्र में जान न्योछावर कर दी। जॉन.पी. सांडर्स और चनन्न सिंह की हत्या के अपराध में 23 मार्च 1931 में लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी की सजा दी गई। सरदार भगत सिंह अगर चाहते तो अनेकों माफी वीरों की तरह माफी मांग



कर अपना सजा कम करवा सकते थे या अपनी फांसी की सजा से बच सकते थे। लेकिन सरदार भगत सिंह पूरे देश के सामने एक उदाहरण रखना चाहते थे कि अगर एक भगत सिंह फांसी की फंदों पर हंसते हंसते झूल सकते हैं तो देश के लाखों युवा इससे प्रभावित होकर देश के प्रति अपना जान न्योछावर करने को तैयार हो सके इस कारण सरदार भगत सिंह हंसते हंसते फांसी के फंदे में झूलना पसंद किया। पर अंग्रेजों के सामने झुकना पसंद नहीं किया। सरदार भगत सिंह अपने आप को नास्तिक कहा करते थे।

परंतु पढ़ने लिखने के वह बहुत शौकीन थे अपनी मृत्यु से कुछ देर पहले भी उन्होंने एक किताब से कुछ पढ़ रहे थे ऐसे महान देशभक्तों का अमर शहीद को पूरा कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई इस सभा में डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष,खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष,प्रमोद चंद्राकर लघु वनोपज अध्यक्ष,कृष्णा चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका,सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री,गुरमीत चावला महामंत्री,सुरेश द्विवेदी कोषाध्यक्ष,अन्नू चंद्राकर सरपंच,कविता तिवारी सेवादल,हुलास गिरी गोस्वामी जिला उपाध्यक्ष,विजय साव,सुनील चंद्राकर,जावेद चौहान, हर्षित चंद्राकर,ममता चंद्राकर,लीना कमल,प्रतिभा यदू,राजू साहू,लखन चंद्राकर,मो. इमरान कुरैशी,बसंत चंद्राकर,लीलू साहू,लक्ष्मी सोनी,कविता,दिनेश दुबे इत्यादि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# 1 नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदी, कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लेने केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 1 नवम्बर से शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में धान खरीदी से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के खरीदी केंद्र सरभोका तथा पटना का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से किसानों के पंजीयनए बारदानों की उपलब्धता, चबूतरों, टोकन व्यवस्था आदि के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व विभाग को समय पर किसानों के रकबा सत्यापन का कार्य शुरू कर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस



दौरान कलेक्टर शर्मा ने कहा की धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस कार्य में लापरवाही तथा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केन्द्रों में आर्द्रतामापी यंत्रों, तौल मशीन, पेयजल, विद्युत, तिरपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था तथा कोचियों.बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

**लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का किया अवलोकन, कार्य में विलम्ब पर लगेगी पैनाल्टी**

कलेक्टर शर्मा ने इस दौरान ग्राम तेन्दुआ में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन किया। बताया गया कि तेन्दुआ बाजार चौक से झिम्मापारा तक निर्माणाधीन सड़क में 11 पुल-पुलियों सहित सड़क की लम्बाई कुल 3.2 किलोमीटर है, जिसमें 4 पुलियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में धीमी गति पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगायी तथा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर ईई पीडब्ल्यूडी को प्रतिसप्ताह पैनाल्टी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्षमता बढ़ाते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण करें।

# 15 आरक्षक हुए प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत

पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल ने लाल फित्ती लगाकर नवपदस्थ प्रधान आरक्षकों का बढ़ाया मनोबल

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु वर्ष 2022 की योग्यता सूची में सम्मिलित जिला कोरिया के 15 आरक्षक क्रमश: म.आरक्षक लूना सिंह, सुनीता पैंकरा आरक्षक आनंद टोप्पो, संजय भगत, अरविंद कौल, अमित कुमार त्रिपाठी, प्रवीण कुमार पटेल, ओम प्रकाश राजवाड़े, राम भगत, सुमार साय पैंकरा, जगरनाथ सिंह, दीपक कुजुर, अमरलाल टोप्पो, शिव कुमार सिंह, रामस्वरूप मार्को को पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल ने लाल फित्ती लगाकर



पदोन्नत किया। पदोन्नति पश्चात एसपी कोरिया ने सभी को बधाइयां दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेसिक पुलिसिंग के टिप्स दिए। एसपी कोरिया ने सभी से उनके कार्यकाल के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उक्त कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री नेलशन कुजूरए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री श्याम लाल मधुकर सहित समस्त कार्यालय के अधिकारी ध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

# श्रेष्ठ लेखक के रूप में डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का नाम जैकी बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

टैलेंट आईकॉन अवार्ड देने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

जैकी बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुनिया भर में प्रतिभाशाली लोगों की अनूठी उपलब्धियों को पहचानने एवं प्रकाशित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता है। इसी कड़ी में जेबीडब्लूआर द्वारा मस्तूरी बिलासपुर निवासी डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का नाम ष्विश्व में सर्वाधिक होनहार लेखक के रूप में दर्ज करते हुए उन्हें टैलेंट आईकॉन अवार्ड. 2022 प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया है। आप वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग में उपसंचालक हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। हाल ही में असाधारण साहित्य सेवा के लिए वर्ष 2022 का डॉ. नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड के लिए भी आपका चयन हुआ है। डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति गद्य और पद्य की सभी प्रमुख विधाओं में साहित्य सृजन करते हैं। अब तक आपकी 31 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसमें पद्य विधा की 18 और गद्य विधा की 13 पुस्तकें शामिल हैं। गद्य विधा के अन्तर्गत 7 कहानी संग्रह, 4 लघुकथा.संग्रह एवं 2 उपन्यास शामिल हैं। आपके द्वारा सेक्स वर्करों की विवशताओं, जीवन.संघर्ष, उनकी समस्याओं एवं समाधान के बारे में लिखा गया अदा उपन्यास विश्व में सर्वाधिक




पढ़े जाने वाले उपन्यासों में से एक है। अभी आपकी दर्जन भर पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं।कविए लेखक, समीक्षक एवं सम्पादक. साहित्य वाचस्पति डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को 16 अक्टूबर 2022 को मायिलादु थुराई, तमिलनाडु में आयोजित भव्य समारोह में श्रेष्ठ लेखक का टैलेंट आईकॉन ;नैसर्गिक प्रतिभा प्रतीक सम्मानद्ध प्रदान किया जाएगा। इसके तहत आकर्षक प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी, बैज इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न वेबसाइटों में उपलब्धियों को दर्ज कर लोगों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने हेतु विश्व भर में प्रचार.प्रसार किया जाएगा।

## जैकी बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का नाम शामिल होने तथा टैलेंट

आईकॉन-2022 प्रदान किए जाने की खबर लगते ही साहित्य जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस मौके पर परिजनों के अलावा छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के डॉ. गोवर्धन मार्शल, ज्ञानी लहरे, जुगेश बंजारे धीरज, गणेश्वर आजाद, मणिशंकर दिवाकर गदगद, मनोज खाण्डे मन, सुरजीत, तिलक तनौदी, जगतारन डहरे, कार्तिक पुराण घृतलहरे, बूंदराम जांगड़े, दिलीप खोटे, रमेश टण्डन, कमलेश कमल, रमेश भास्कर रसिय्यार, अश्वनी कोसरे प्रेरक, डॉ.दुर्गाप्रसाद मेरसा, अनिल कुमार मौर्य अनल, हजारी लाल कुर्रे, परमेश्वर प्रसाद अंचल, अशोक बंजारे, ओम प्रकाश पात्रे, प्रेमदास प्रेम,प्रीतलाल कुर्रे, खेमचन्द कुर्रे, गणेश महन्त, डॉ.ने दी।

# जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रही दवाई दुकानें

## औषधि विभाग के संरक्षण में जनता के जानमाल के साथ खिलवाड़

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**भाटापारा जिलेभर में अवैध मेडिकल संचालन का खेल काफी पुराना है। जिलाक्षेत्र के लगभग हरेक गाँव में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर की भरमार है। सरकारी व निजी अस्पताल के सामने अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालित हैं। जो नियमों को ताक पर रखकर मरीजों की जिदगी से खिलवाड़ करते हैं।**




बिना लाइसेंस के चलने वाली इन दुकानों पर अप्रशिक्षित व्यक्ति मरीजों का दवा देते हैं। इन दुकानों पर अनाप सनाप कीमत में दवाएं बेचने का खेल भी खूब चलता है। विभागीय अधिकारियों से साठगांठ होने के कारण मेडिकल संचालक बेखौफ होकर अपनी दुकानें चला रहे हैं। वहीं विभागीय सेटिंग कर यह मेडिकल संचालक गाव देहात से आने वाले मरीज के तीमारदारों को जमकर दवाओ के नाम पर लूटते हैं जबकि विभागीय

**आखिर जिला बलौदाबाजार के औषधि विभाग के जवाबदेही किसकी**

अधिकारी में कोई न कोई अधिकारी निरीक्षण करने आता है। तो झोला भर कर जाते है। आज तक किसी ने इन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस तक चेक नहीं किए दवाओं का निरीक्षण नहीं किया। यहां तक कि दवा की खरीदी पर ग्राहकों को पक्का बिल देने में भी यह दुकान परहेज करते हैं। बहुतो के पास कंप्यूटर नहीं है तो बहुतो के पास बिल बुक नहीं रहता है। ग्राहक द्वारा मांगने पर पहले तो टहलाया जाता है। जब नहीं मानता है तो दवा के कागज के लिफाफे पर ही कीमत लिख दी जाती है। कुछ दवाएं ऐसी भी हैं। जिन्हें सिर्फ डॉक्टर के परामर्श पर ही बेचने का नियम हैए लेकिन मेडिकल संचालक चिकित्सक के परामर्श पर मिलने वाली दवाएं भी लोगों को बेरोक टोक बेचते हैं। मेडिकलृ स्टोर संचालक खुद ही चिकित्सक बनकर लोगों को महंगी दवा देकर उन्हें बेवकूफ बनाने से भी नहीं चकूते। बुद्धिजीवियों का मानना है कि इस तरह की मेडिकल स्टोर दवाई का जानकारी नहीं होने के बावजूद बड़ी बीमारी का भय दिखाकर खुलेआम ऊंची दामों में दवा बेचते हैं। जो आम लोगों के लिए घातक है। चौंकानेवाली बात है कि यह सबकुछ जानते हुए भी स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं करते है जिले के पलारी ब्लॉक में सालभर एक भी कार्यवाही नहीं है पलारी ब्लॉक के औषधि निरिक्षक का कहना है कि कोई लिखित में शिकायत नहीं आया है। तो क्या क्षेत्र में कोई शिकायत करेगा तो बस कार्यवाही होंगी अन्यथा क्षेत्र में कितनों भी अवैध दुकाने संचालित हो कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी। तो वही बलौदाबाजार व अन्य ब्लॉक में 2-3 कार्यवाही की गयी है जिसमे भी हाईकोर्ट में लंबित है होना बताया है। हो रहे अवैध दवाई दुकान संचालित के सम्बन्ध में पूछा गया तो औषधि निरीक्षकों द्वारा बताया गया हम लोग अधिकृत नहीं है जवाब आया उसके बाद जिला बलौदाबाजार भाटापारा औषधि प्रभारी से मोबाइल के माध्यम से जानकारी चाही गयी तो उनके द्वारा भी पल्ला झाड़ने जैसे बाते मैं जवाब नहीं दे पाउंगा सेकेंट्री साहब ही बता पाएंगे कर के बोला गया। बलौदाबाजार जिला औषधि विभाग को निरक्षकों के द्वारा चलाया जा रहा है लेकिन वही जब जवाब देने की बात आ रही है तो एक दूसरे के ऊपर थोपा जा रहा है तो यह किस हद तक सही है।

## एक नजर

### दो अक्टूबर को ग्राम सिसदेवरी में सुआ प्रतियोगिता का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

विकासखंड पलारी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम सिसदेवरी में राज्य-स्तरीय छत्तीसगढ़ी सुवा नित्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर दिन रविवार संध्या 6रू बजे से प्रारंभ होगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 एवं स्मृति चिन्ह द्वितीय पुरस्कार 5001 एवं स्मृति चिन्ह तृतीय पुरस्कार 3001 एवं स्मृति चिन्ह प्रतिभागी को सम्मानित किया जाएगा प्रवेश शुल्क 301, रुपए रखा गया है यह आयोजन साहाडा चौक समिति सिसदेवरी के तत्वधान में रखा गया है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक कसडोल शकुंतला साहू, वरिष्ठ अतिथि छाया वर्मा पूर्व राज्यसभा सांसद गायत्री चंद्राकर नरेंद्र चंद्राकर रहेंगे इस कार्यक्रम के निर्णायक समिति में भावना चंद्राकर नेहा चंद्राकर भारती चंद्राकर जानकी चंद्राकर सुषमा चंद्राकर छाया चंद्राकर पुष्पा तिवारी का नाम सर्व समिति से समिति द्वारा निर्णय लिया गया तथा प्रतिभागी अपना वाद्य सामग्री साथ लावे निर्णायक का निर्णय सर्वमान्य रहेगा किसी प्रकार का नशा पान कर मंच करने पर अंक काट दिया जावेगा समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है जिसमें कार्यक्रम स्थल में कार्य चल रहा है प्राप्त आयोजक समिति के अध्यक्ष पप्पू चंद्राकर ने दी।

### पर्यटन क्षेत्र में प्राकृतिक संपदा धरोहर को एक नई पहचान मिल सकती है- गुलाब कमरों

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

एमसीबी जिले के अंतर्गत आने वाले जनकपुर हर चौका, गौर घाट सिद्ध बाबा मंदिर ऐसे कई स्थान है जिसे पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिल सकती है साथ ही स्थानीय लोगों को एक बेहतर रोजगार मुहैया हो सकता है। आपको बता दें कि जिला एमसीबी के अंतर्गत आने वाले ऐसे कई क्षेत्र हैं जो कि पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान प्रदेश को दे सकते हैं जिसको लेकर जनकपुर भरतपुर विधानसभा के विधायक और सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरों ने प्रदेश सरकार से आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश को चौमुखी विकास देने का



कार्य कर रहे हैं ऐसे में जिला एमसीबी के कई ऐसे स्थान है जिन्हें पर्यटन के रूप में विकसित कर प्रदेश को एक नई पहचान मिल सकती है अपनी बात रखते हुए विधायक कमरों ने बताया कि जनकपुर के हर चौका से शुरुआत की जाए तो रमदाहा जलप्रपात गौर घाट सिद्ध बाबा मंदिर ऐसे कई स्थान हैं जो की प्राकृतिक सुंदरता से भरे हुए हैं और छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार इन चुने हुए स्थानों को डेवलप करके पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने की कवायद शुरू कर दी है इससे छत्तीसगढ़ प्रदेश को पर्यटन के रूप में जहां एक नई पहचान मिलेगी वही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मुहैया हो सकेगा।

### लतीफ घोंघी के नाम पर कॉलेज रोड का नामकरण करने नपाध्यक्ष को युवाओं ने सौंपा मांग पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कॉलेज रोड का नाम करण साहित्यकार व व्यंग्यकार स्व. लतीफघ् ांेघी के जन्म जयंती के मौके कॉलेज रोड का नामकरण करने युवाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग को एक मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने युवक को भरोसा दिलाया है किए बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर नामकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राष्ट्रीय राज मार्ग 353 से मिनी स्टेडियम जाने वाली मार्ग का नामकरण स्व. लतीफ घोंघी के नाम पर रखने बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक युवा कांग्रेस अरिश अनवरए सागनजोत



सिंह, सोहेल खान, रोहित गुरुदत्ता, युवराज साहू, रसप्रीत सिंह, शिवम बेहरा, यश साहू तथा विनायक दास ने नगर पालिका अध्यक्ष,राशि त्रिभुवन महिलांग से मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने नपाध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा। इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने युवाओं को भरोसा जताया किए आगमी बैठक में नामकरण पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। नपाध्यक्ष महिलांग ने बताया किए बहुत से वार्डों के मार्गों का नामकरण किया जाना है। जिसे वार्डों के मार्गों की पहचान से जाना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा किए आगामी बैठक में आपका भी आवेदन पत्र पर को शामिल किया जाएगा।

## अग्रवाल समाज ने महाराज अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाया, विविध कार्यक्रम के अलावा शोभायात्रा निकाली गई

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



सोमवार को देवभोग अग्रवाल समाज द्वारा महाराज अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाया। स्थानीय गायत्री मंदिर प्रांगण से महाराज अग्रसेन की शोभा यात्रा निकाली गई। अग्रसेन की जयकारे के साथ यह यात्रा पुरी नगर भ्रमण करती रही। शोभायात्रा के दरम्यान ही प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में पहुंचे थाना प्रभारी बीएल साहू, सुधीर भाई पटेल समेत अन्य सामाजिक वरिष्ठ के अलावा सामाजिक भवन हेतु भूमि दान करने वाले राजेश अग्रवाल का सम्मान



किया गया। आयोजन को सफल बनाने अग्रवाल युवा मंच के दिनेश अग्रवाल,शिव अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,सुभाष मित्तल,विष्णु अग्रवाल,अनिल अग्रवाल,आशीष अग्रवाल,दिलीप अग्रवाल समेत समस्त यूवा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। विविध आयोजन कर पुरस्कार बांटे-एक दिन पहले ही स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में खेल कूद व सांस्कृतीक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। समाज के महिलाएं बच्चों के साथ ही सभी वर्गों का ध्यान रखकर आयोजन रखा गया था। विविध आयोजनो में वर्षा अग्रवाल,नम्रता जैन,निशु अग्रवाल,बबीता अग्रवाल,सुहाना अग्रवाल,स्वास्तिक गर्ग,हेमा, हंशिका, स्नेहा,प्रिया,पूजा,सोम एवं लीना को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया।

## संभाग स्तरीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सुकमा का नर्तक दल रहा प्रथम

### गुणडाधुर लोक कला मंच ने प्रस्तुत किया मंडई लोक नृत्य

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जगदलपुर के बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एण्ड लिटरेचर बादल आसना में 25 सितम्बर को संभाग स्तरीय आदिवासी नृत्य महोत्सव वर्ष 2022 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अन्य जिलों के साथ ही सुकमा जिले से विकासखण्ड किन्दरवाड़ा का गुण्डाधुर लोक कलामंच के द्वारा भाग लेकर मंडई लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। प्रतियोगिता में सुकमा का नर्तक दल संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। गुण्डाधुर लोक कला मंच ने इस प्रतियोगिता में विजय हासिल कर रायपुर में 1 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाली राज्योत्सव सह राष्ट्रीय आदिवासी 2022 के लिए अवसर प्राप्त किया है। कलेक्टर हरिस एस और



आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा गणेश शोरी ने चयनित नृतक दल को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। सुकमा जिले से संभाग स्तर में प्रथम स्थान हासिल करना जिले के लिए अत्यन्त ही गौरव की बात है।

#### मंडई लोक नृत्य धुरुवा जनजाति का लोक नृत्य

उल्लेखनीय है कि बस्तर एवं सुकमा जिले के वनांचल में निवासरत धुरवा जनजाति के लोगों द्वारा मेलाए मण्डई एवं गांव के जात्रा के अवसरों पर ढोल के ताल पर एवं बांसूरी के धुन में मंण्डई लोक नृत्य बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। इस नृत्य में बांसूरी की धुन से ही नृत्य की शैली का प्रदर्शन किया जाता है। धुरवा मण्डई लोक नृत्य उत्साह एवं वीरता से परिपूर्ण होने के कारण इसे इस क्षेत्रान्तर्गत सैनिक नृत्य भी कहा जाता है। यह लोक नृत्य मेला मण्डई में क्षेत्र के आस-पास के आमंत्रित देवी देवताओं एवं ग्राम्य देवी देवताओं की परघाव स्वागत करते समय तथा मण्डई मेला का भ्रमण करते समय कासन ढोल के नेतृत्व में देवलाट, छत्तर, सिरहा.गुनिया, पेरमा पुजारी के सम्मुख देवी देवताओं की अगुवाई में की जाती है। नर्तक दल .बन्दीपाटा, बेलूर, साका की वेशभूषा व पारम्परिक अस्त्र टंगिया कुल्हाड़ी, फरसा, तीर धनुष,कमर में बुरका सुखी लौकी का विशेष पात्र जिसमें पेय पद्धार्थ रखा जाता है। श्रृंगार विशेष तोडी.बजाने का विशेष यंत्रद्ध लेके,घुरवा ढोल व टमक, तुड़बुड़ी व बान्सूरी की धुन में नृत्य किया जाता है। जिसमें कई प्रकार के वादन धुन होते है इन धुनों को ताल बनाकर नृत्य किया जाता है। यह नृत्य विशेषकर मण्डई लोकनृत्य राज्य के सुकमा एवं बस्तर जिले के कुछ विकासखण्ड के मेला मण्डईयों में देखने को मिलता है। जहाँ पर धुरवा जनजाति के लोग निवास करते है। इस नृत्य में आराध्य देवी देवताओं के साथ एक डोली देवी भी होता है। जिन्हें ये मण्डई लोक नृत्य एवं ढोल की ताल तथा बान्सूरी का धुन बहुत ही पसंद किया जाता है।

## लगानी जमीन पर जबरीया स्कूल निर्माण और अब तालाब निर्माण की बारी

### विरोध करने पर भूमि स्वामी महिला-पुरूष का हुक्का पानी बंद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम गबौद में एक महिला व पुरुष का हुक्का पानी बंद करने का मामला सामने आया है। महिला ने कई बार कलेक्टर, एसडीएम, थाना व अन्य अधिकारियों को अपनी समस्या बताई है। लेकिन आज तक उनकी समस्या का हल नहीं हुआ। मंगलवार को महिला व पुरुष अपनी समस्या लेकर फिर कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्राम



गवौद निवासी गनिका बाई निषाद ने बताया कि खेत का गलत सीमांकन किया गया है और गलत सीमांकन होने के बावजूद लगानी जमीन का पत्थर और लकड़ी से घेराव किया है। तब से एसडीएम व कलेक्टर को इसकी जानकारी दे रहे हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 22 जून को पटवारी ने गलत सीमांकन किया है। इससे पूर्व में भी कई बार सीमांकन हुआ है और पूरी खेत लगानी है। पूर्व में डरा धमका कर लगानी जमीन पर स्कूल बनवाया है और अब लगानी जमीन पर तालाब बनाना चाहते हैं।

## मां दुर्गा के हर रूप शक्ति और आस्था का प्रतीक-योगेश तिवारी

### ग्राम सरदा कुरुद,चोंगीखपरी, पाहन्दा व आनंदगांव खम्हरियां में पंडालों में पहुंचकर किसान नेता योगेश तिवारी ने की माता की विशेष पूजा अर्चना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेरला ब्लाक के ग्राम चोंगीखपरी, पाहन्दा व आनंदगांव में पंडालों में पहुचकर किसान नेता योगेश तिवारी ने माता की विशेष पूजा अर्चना किया। यहां उन्होंने क्षेत्रवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना किया । इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के नियंत्रण में आने के बाद इस वर्ष दोगुना उत्साह से नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ पंडालों में विधि विधान से माता की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पर्व में 9 दिनों तक गांव में माहौल भक्तिमय में रहेगा । नवरात्रि का मतलब ही नौ रात होती है। नौ दिन माता रानी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा के लिए मनाए जाते हैं। मां दुर्गा का हर रूप एक अलग मतलब रखता है और इन




नौ के नौ रूप का अर्थ है शक्ति और मजबूती। ऐसा माना जाता है कि महिषासुर ने छल से ब्रह्मा देव से अमर होने का वरदान पा लिया था। इसके बाद वह जब सबको परेशान करने लगा तो सारे देवता उसे हराने में असक्षम हो गए। ब्रह्मा ने उसे वरदान देते समय यह भी कहा था कि यह केवल एक महिला द्वारा ही हराया जायेगा। इसकी शक्ति पर नियंत्रण पाने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने मां दुर्गा को मनाया। 15 दिन के युद्ध के बाद मां दुर्गा ने भगवान शिव द्वारा दिए गए हथियार से महिषासुर को मार गिराया। इस दौरान चिंता भरत कौसले बलराम बंजारे कौसले कोसले, राधे यादव,राम साहू, देवराम साहू, बलराम साहू, सुभाष साहू मनोज सिन्हा नरेश राय बलराम राय ज्ञानेश्वर साहुं टोपेन्दर सोनवानी लखन चक्रधारी अशवनी मानिक पुरी आदि उपस्थित थे। ।

## पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भिंभौरी पित्र पर्व के अवसर में ग्राम भिंभौरी में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार भिंभौरी के दिव्य आत्माओं ;65 कलाकारों, के पुण्य स्मृति में दो दिवसीय पुरखा के सुरता मानस तिहार का आयोजन ग्राम भिभौरी में किया गया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक चंदेल जी ने कहा ग्राम भिंभौरी की पहचान कला संस्कृति एवं ग्रामीण एकता के कारण बनी हुई है। अपने विभिन्न विधाओं के कारण ग्राम की पहचान है। भिंभौरी की माटी में जन्मे सभी कलाकार जो अनेक विधाओं से परिपूर्ण रहा है और वर्तमान में भी अनेक कलाकारों का योगदान भिंभौरी और आसपास के क्षेत्र को भी इन कलाकारों के माध्यम से सेवा प्रदान किया जा रहा है यहां के कलाकारों के कारण भिंभौरी का नाम सभी क्षेत्रों में बड़े सम्मान के



साथ लिया जाता है यहां की माटी की शक्ति ना सिर्फ कलाकारों की पहचान के लिए है बाकी अन्य विधाओं में अन्य क्षेत्रों में भी माटी की ताकत है पहचान है विनोद कुमार साहू के संयोजन में पुरखा के सुरता कार्यक्रम सफल होने जा रहा हैं पुरखा हमारी ताकत है हमारी धरोहर है जिनके कारण हमारी पहचान बनी है भिंभौरी के 65 कलाकार जो अनेक विधाओं में अपने आप को स्थापित किया। और उन कलाकारों के कारण हमारी एक अलग पहचान भी बने हुए हैं। जिनको हम आज याद करके अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं मैं ईश्वर से कामना करूंगा ऐसे दिव्य आत्माओं को भगवान हमेशा अपने शरण में स्थान दे। और दिव्य आत्माओं के अनेक कार्यों को याद करते हुए हम उनके द्वारा किए गए कार्यों का अनुसरण करें उनके कार्यों को हम याद करें उनके द्वारा दी गई समाज में उल्लेखनीय योगदान को हम हमेशा सहेज कर रखें ताकि आगे चलकर के समाज में लोगों के बीच में निश्चित रूप से वह अनुकरणीय बना रहे। समाज में हमें जो ताकत मिली है पूर्वजों से जो हमको संस्कृति मिली है। जो हमको व्यवहार उनसे प्राप्त हुआ है। समाज में काम करने की जो हमको प्रेरणा मिली है। परिवार में कैसे रहे। व्यवस्था को हम कैसे बनाए रखें हम अपने पूर्वजों से प्राप्त किए सारी ताकत एवं प्रेरणा को संजोकर रखे ताकि हमारा मार्ग प्रशस्त होता रहे। मैं उन कलाकारों दिव्य आत्माओं को भी याद करना चाहूंगा जिनके योगदान के कारण जिनके विभिन्न विधाओं में पारंगत होने के कारण आज भिंभौरी में दो दिवसीय पुरखा के सुरता नाम से हमको कार्यक्रम करने के लिए प्रेरणा मिला। स्वर्गीय कोदूराम वर्मा धनुर्धर के रूप में एक अलग पहचान था। छत्तीसगढ़ एवं पूरे देश में स्वर्गीय कोदूराम वर्मा जी का नाम था। स्वर्गीय कोदूराम जी न सिर्फ धनुर्धर थे अनेक विधाओं में पारंगत भी थे और लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से छत्तीसगढ़ की परंपरा से जोड़ कर रखना उनका हमेशा लोगों के बीच सुझाव भी होता था। स्वर्गीय रामनारायण परगनिहा सांस्कृतिक कार्यक्रम गंवई के फूल के माध्यम से छत्तीसगढ़ में एक अलग ही पहचान उन्होंने बनाया था।आज हम उनको स्मरण कर रहे हैं। भिंभौरी के माटी में जन्मे कुमारी काजल सेन 14 वर्ष की उम्र में 1,000 से अधिक मंचो पर अपनी प्रतिभा बिखेर चुकी हैं नृत्य के माध्यम से अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन कर रही है। मैं उस बेटी को भी बहुत-बहुत बधाई देता हूं और भविष्य में आगे बढ़ते ऐसी में हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। दो दिवसीय सफल कार्यक्रम के लिए सभी ग्राम वासियों को सभी कलाकार भाइयों को बहनों को और विशेष रूप से विनोद साहू को मैं बहुत.बहुत धन्यवाद देता हूं कि ऐसे कार्यक्रम हमेशा होता रहे ताकि हम अपने पूर्वजों से हम अपने कला से हम अपने विधा से अपनी संस्कृति से हमेशा जुड़े रहे कार्यक्रम को विशेष सहयोग एवं संरक्षण देने वालों में शालिक राम वर्मा प्रेम लाल वर्मा विनोद साहू को विशेष धन्यवाद देता हूं। एक बार पुनः ईश्वर से कामना करता हूं कि हमेशा इस क्षेत्र में प्रभु की कृपा बनी रहे । दो दिवस कार्यक्रम के समापन अवसर में सालिक राम वर्मा, प्रेम लाल वर्मा,पोषण वर्मा, रोशन वर्मा, चंद्र विजय धीवर, श्याम वर्मा, देव सिंह साहू, दुर्गा प्रसाद टिकरिहा,राजू साहू, संदीप परगनिहा, खिवराज धीवर,राजेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा ,गिरजा शंकर सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे कार्यक्रम के संयोजक विनोद साहू ने सभी ग्राम वासियों को कलाकार भाइयों बहनों को प्रत्यक्ष एवं अध्यक्ष सहयोग प्रदान करने वाले सभी सम्मानित जनों का एवं इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले आसपास के क्षेत्र के भी लोगों का ग्रामीणों का मैं आभार व्यक्त करता हूं।

# शॉर्ट ड्रेस पहन अनुषा दांडेकर ने मचाई सनसनी, बोल्डनेस देख बेकाबू हुए लोग



मशहूर एक्ट्रेस और वीडियो जोकी अनुषा दांडेकर हमेशा ही अपने रियलिटी शोज और निजी जिंदगी के कारण चर्चा में रही हैं. फिलहाल तो पिछले कुछ समय से अनुषा अपनी बोल्डनेस के कारण हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. लगभग हर दिन एक्ट्रेस का एक नया और सिजलिंग अवतार देखने को मिल जाता है. बेशक उन्होंने अपने अभिनय से कोई खास मुकाम हासिल न किया हो, लेकिन वह अपने बोल्ड और हॉट लुक्स के कारण खबरों का हिस्सा बनी रहती हैं. अनुषा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने लगी हैं. इस दौरान लगातार वह फैंस के साथ अपने नए फोटोशूट की झलक शेयर कर रही हैं. कई बार अनुषा की बेबाकी देख फैंस भी हैरान रह जाते हैं. हालांकि, इस कारण इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की लिस्ट भी लगातार बढ़ती जा रही है. अब एक्ट्रेस ने फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है.

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में उन्हें ग्रीन कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा सकता है. अनुषा ने साथ ही अपने लुक को एक पेंडेंट से पेयर किया है.

लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने डेवी शीन मेकअप किया है और वेवी ओपन हेयर स्टाइल रखा है. इस लुक में वह कहर ढा रही हैं. फोटोज में वह अलग-अलग अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं.

# रवीना टंडन-स्टारर पटना शुक्ला में समानांतर भूमिका निभाएंगी अनुष्का कौशिक



वेब सीरीज घर वापसी और क्रैश कोर्स में नजर आ चुकीं अनुष्का कौशिक को रवीना टंडन अभिनीत फिल्म पटना शुक्ला में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम भोजपुरी में बोलना था और उन्होंने भाषा सीखने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया।

जब उन्हें निर्माताओं का फोन आया, तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह इसके साथ न्याय कर पाएंगी। लेकिन उनके मुताबिक उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी।उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे अलग-अलग किरदार करते देखा है और उन्हें यकीन है कि मैं इस बोली को भी सीख सकती हूं।

फिर भी, मैंने उनसे एक दिन मांगा, जिसके दौरान मैंने बहुत सारी भोजपुरी सीखी, और फिर ऑडिशन दिया।अनुष्का ने अपने चरित्र के बारे में बताया, यह रवीना टंडन मैम के साथ एक समानांतर मुख्य भूमिका है और चरित्र का पूरा सेट और कहानी बहुत अलग है।


मैं कभी भी पटना में किसी भी कहानी का हिस्सा नहीं रही या यहां तक कि शहर का दौरा भी नहीं किया।, लेकिन मैं इस भूमिका के लिए तैयारी करना चाहती हूं। इस चरित्र की यात्रा बहुत अलग है, फिर भी इसका असली अनुष्का के साथ कुछ संबंध है। रवीना टंडन, अनुष्का कौशिक, सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल और जतिन गोस्वामी अभिनीत पटना शुक्ला अगले साल रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।

# ऋतिक रोशन, सैफ अली खान का नया गाना बंदे एक्शन से भरपूर




ऋतिक रोशन और सैफ अली खान अभिनीत मूवी विक्रम वेधा को जनता का खूब प्यार और अटेंशन भी मिलने लगी है और इसके लिए दीवानगी निरंतर बढ़ती जा रही है। मूवी के पहले गाने अल्कोहोलिया से इंटरनेट पर धूम मचाने के उपरांत, निर्माता इसके दूसरे गाने बंदे के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि, विक्रम वेधा साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है और मूवी से जुड़ी हर चीज इंटरनेट पर एक नया ट्रेंड भी सेट कर चुके है। अब मेकर्स मूवी के अगले बंदे गाने के साथ हाजिर हैं। यह गीत दर्शकों को विक्रम वेधा की दुनिया में और गहराई से ले जाता है, जहां अपने इलेक्ट्रिफाइंग बीजीएम के साथ एक कॉप के रूप में विक्रम का सुपर कूल स्वैग और खतरनाक ग्रे गैंगस्टर वेधा के साथ पागलपन को और भी बढ़ा दिया है। गाने को एसएएम सी एस ने कंपोज, अरेंज और प्रोग्राम किया हैं, जिसे शिवम ने गाया हैं और बोल मनोज मुंतशिर ने दिए हैं। जैसे-जैसे मूवी अपनी रिलीज की तारीख के करीब आ रही है, दर्शकों के मध्य इसका क्रेज और भी ज्यादा बढ़ता जा रहा है।

# 'ब्रह्मास्त्र' का नया गाना 'रसिया' हुआ रिलीज




गायिका श्रेया घोषाल और तुषार जोशी ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के नवीनतम ट्रैक 'रसिया' के बारे में बात की। प्रीतम चक्रवर्ती द्वारा रचित, और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए गीत, रोमांटिक ट्रैक को फिल्म के मुख्य कलाकारों पर चित्रित किया गया है।

ट्रैक के बारे में बात करते हुए, तुषार, जो 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, ने कहा, रसिया' फिल्म के लिए एक नमूना ट्रैक था और मैं इस ट्रैक के लिए मिल रही प्रतिक्रिया और प्यार से अभिभूत हूं। यह केवल दर्शकों की मांग के कारण है कि यह गीत विशेष रूप से फिल्म रिलीज के बाद रिलीज किया जा रहा है। 'रसिया' को आवाज देने का यह एक अच्छा अनुभव रहा है और मैं रिलीज के बारे में वास्तव में उत्साहित हूं। 'बचना ऐ हसीनों', 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो', 'वेलकम टू सज्जनपुर' जैसी फिल्मों में अपने गानों के लिए जानी जाने वाली श्रेया ने तुषार के साथ भी गाया है ।

## खेल

# 7 साल में पहली बार सीरीज जीतने की चुनौती

### भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टी-20 मैच

टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 सीरीज खेलेगी। पहला मैच आज तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। ये सीरीज भारत के लिए कई मायनों में अहम होने वाली है। आपको जानकार हैरानी होगी कि टीम इंडिया अपनी धरती पर कभी भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं जीत पाई है।




दोनों टीमों के बीच 2015 में पहली बार क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की सीरीज खेली गई थी और इसमें टीम इंडिया को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, इसके बाद 2019 में हुई टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी रही थी। वहीं, 2022 में हुई सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। यानी पिछले 7 साल में दोनों टीमों के बीच भारत में 3 टी-20 सीरीज हुई और एक बार भी टीम इंडिया को जीत नहीं मिली। आइए आपको आज होने वाले मैच का हेड टु हेड रिकॉर्ड, पिच की जानकारी, पॉसिबल प्लेइंग इलेवन और कुछ मजेदार फैक्ट्स बताते हैं।

### पहले दोनों टीमों का हेड टु हेड रिकॉर्ड देख लीजिए

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक 20 टी-20 मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत 11 में जीता है। वहीं, साउथ अफ्रीका ने आठ मुकाबले में जीत हासिल की। एक मैच में नतीजा नहीं निकला। दोनों टीमों के बीच चार महीने में यह दूसरी टी-20 सीरीज है। इसी साल जून में अफ्रीकी टीम पांच मैच खेलने के लिए भारत आई थी। ये सीरीज 2-2 की बराबरी पर छूटी थी। एक मैच में नतीजा नहीं निकला था।

### कहां देख सकते हैं मुकाबला?

दोनों टीमों के बीच सीरीज के पहले मैच का लाइव टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर होगा। वहीं, लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी +हॉटस्टार पर देख सकते हैं। मैच की पल-पल की जानकारी आपको भास्कर एप पर मिलेगी।

### टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत की टेंशन बढ़ी

# दीपक हुड्डा चोट के कारण साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर, हार्दिक पंड्या भी नहीं खेलेंगे



टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है। दीपक हुड्डा चोट के कारण साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, हार्दिक पंड्या को रेस्ट दिया गया है। 28 सितंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू हो रही है। हुड्डा की जगह शहबाज अहमद और पंड्या की जगह श्रेयस अय्यर टीम का हिस्सा बने हैं। सीरीज का पहला मैच तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। हार्दिक ने अभी हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 3 मैच में 190.90 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए थे। ऐसा माना जा रहा है कि वर्ल्ड कप को देखते हुए पंड्या को आराम दिया गया है। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि इस मेगा टूर्नामेंट के लिए हार्दिक जैसे खिलाड़ी पूरी तरह से फ्रेश रहें। वहीं, मोहम्मद शमी भी साउथ अफ्रीका सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

## एक नजर

# एशियाई अंडर-16 टूर्नामेंट में सिर्फ भारतीय खिलाड़ी

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुरू हुयी एशियन अंडर-16 प्रतियोगिता में भारत के अलावा अन्य एशियाई देशों के खिलाड़ी नहीं दिखे। विजयंत खंड गोमती नगर में एशियन टेनिस फेडरेशन के तत्वावधान में शुरू हुये मुख्य ड्रा के मुकाबलों में हैदराबाद के प्रकाश सरन और मध्य प्रदेश के रूद्रा बाथम ने अपने मुकाबले आसानी से जीत लिये। सरन ने हमवतन कुशल जैन कुशल को 6-0,6-0 से हराया जबकि बाथम ने वी मृगवानी को 6-0,6-0 से पस्त किया। इसके अलावा तेजस सिंह,ए चौधरी,वी खिलारीवाल,आराध्य क्षितिज,अदवित तिवारी,खुशविन जैफरी ने भी कोर्ट में अपने प्रतिद्धंदियों को घुटनों पर बैठाने में सफलता हासिल की वहीं बालिका अंडर-16 में सिधक कौर,शताशिखा,शक्ति मिश्रा और एंजेल पटेल ने बड़ी आसानी से अपने मुकाबले जीत लिये।



# स्वीडन अंडर-17 महिलाओं ने भारत को 3-1 से हराया

**गिरोना** । स्वीडन अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से पहले आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में एकतरफा मुकाबले में भारत को 3-1 से मात दी।

स्वीडन की ओर से आइडा ग्रामफोर्स (44वां मिनट), सारा फिरग्रेन (47वां मिनट) और सेलमा एस्ट्रोम (54वां मिनट) ने गोल किये। सुधा टिर्की ने 62वें मिनट में भारत का सांत्वना गोल जमाया।

ग्रामफोर्स ने यहां टोरेमिरोना रिलाइस में खेले गये मैच का पहला हाफ समाप्त होने से पूर्व कॉर्नर को गोल में तब्दील करके अपनी टीम को बढ़त दिलायी। फिरग्रेन ने हाफ टाइम के ठीक दो मिनट बाद एक और गोल जमाकर स्वीडन की बढ़त दोगुनी की। फिरग्रेन के क्रॉस की बदौलत एस्ट्रोम ने भी 54वें मिनट गोल किया।

# शेखावाटी किंग्स ने रोमाचंक मुकाबले में मेवाड़ मॉन्क्स को दो अंक से दी मात

**जयपुर** । राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर में एटलेंचर स्पोर्टस द्वारा आयोजित केईआई रियल कबड्डी लीग के सीजन 2 छठे दिन हुए मुकाबलों में शेखावाटी किंग्स ने रोमाचंक मुकाबले में मेवाड़ मॉन्क्स को केवल दो अंक से मात दी जबकि जोधाना वारियर्स ने अरावली ईगल्स को तीन अंक एवं चंबल पाइरेट्स ने जयपुर जगुआर को पांच अंको से हराया वहीं सिहं सूरमा ने बिकाना राइडर्स को करारी शिकस्त दी। पहले मुकाबले में चंबल पाइरेट्स और जयपुर जगुआर के बीच रोमांच और कांटे का खेल देखने को मिला जिसमें चंबल ने जयपुर को पांच अंकों से हरा दिया। मैच का फाइनल स्कोर चंबल 40 और जयपुर 35 अंक रहा। अजय मैन ऑफ द मैच रहे।

# विक-पोर्टरफील्ड की ओपनिंग पार्टनरशिप से जीते किंग्स, गुजरात जाएंट्स को 57 रनों से हराया

ओपनर मोर्ने वान विक और विलियम पोर्टरफील्ड (58 गेदों में 117 रन) के बीच मजबूत ओपनिंग साझेदारी की बदौलत भीलवाड़ा किंग्स ने लीजेंट्स लीग में गुजरात जाएंट्स पर 57 रनों की बड़ी जीत हासिल की।




टीम ने 5 मुकाबलों में दूसरी जीत के साथ पॉइंट टेबल में 5 अंकों के साथ टॉप-2 में जगह बनाई है। इसके साथ ही गुजरात तीसरे स्थान पर खिसक गई है।

यहां बाराबाती स्टेडियम में मंगलवार रात पहले बैटिंग करते हुए भीलवाड़ा किंग्स ने 222 रनों का पहाड़ स्कोर खड़ा किया। फिर गुजरात को क्रिस गेल (15) की वापसी के बावजूद 19.4 ओवरों में 165 रन पर ही रोक लिया। गुजरात की टीम की यह दूसरी हार है। फील्डिंग के दौरान क्रिस गेल ने पीछे की ओर थ्रो फेंक दिया। वे बैटिंग में 15 रन ही बना सके।

फील्डिंग के दौरान क्रिस गेल ने पीछे की ओर थ्रो फेंक दिया। वे बैटिंग में 15 रन ही बना सके।

दोनों ओपनर में फिफ्टी जमाई

किंग्स के दोनों ओपनर्स मोर्ने वान विक (50) और विलियम पोर्टरफील्ड (64) ने अर्धशतक जमाए। दोनों के बीच 58 गेदों पर 117 रन की साझेदारी हुई। यहां पोर्टरफील्ड आउट हुए। उन्होंने 33 गेंदों पर 10 चौके और दो सिक्स जमाए। दो रन बाद ही विक भी आउट हो गए। विक ने 28 गेदों की पारी में 4 छक्के और इतने ही चौके जमाए।

### चार्ली डीन ने मांकडिंग विवाद पर तोड़ी चुप्पी

# दीप्ति से रन आउट हुई इंग्लैंड की खिलाड़ी बोली - अब क्रीज में ही रहूंगी

इंडियन वुमन टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के मांकडिंग (रन आउट) से इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन को आउट करने का मामला अब भी गर्म है।



इस मामले पर लगातार क्रिकेट के दिग्गजों के बयान सामने आ रहे हैं। दीप्ति शर्मा ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर मीडिया के सामने अपनी बात रखी। अब रन आउट की शिकार हुई चार्ली ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। उन्होंने कहा कि अब से वो बॉल डिलीवरी के पहले क्रीज में ही रहेंगी।

चार्ली ने सोशल मीडिया पर इंग्लैंड टीम के साथ कुछ फोटो साझा करते हुए लिखा, 'गर्मियों का अंत दिलचस्प रहा। इंग्लैंड की जर्सी में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब से शायद मैं अपनी क्रीज में रहूंगी।' इंडिया-इंग्लैंड वुमन वनडे सीरीज 18 सितम्बर से इंग्लैंड में आयोजित की गई थी। इस सीरीज में भारत ने इंग्लैंड को 23 साल बाद उसके ही घर में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसी सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच के दौरान दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की चार्ली डीन को मांकडिंग आउट किया था। जिसके बाद चार्ली रोते हुए पवेलियन लौटी। दीप्ति के रनआउट करने के तरीके पर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

# अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण पर की जाये सख्त कार्यवाही- कलेक्टर

## अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव।** बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा अवैध खनिज परिवहन, उत्खन्न एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा यदि जिले में कहीं अवैध रेत खदानों में उत्खनन हो रहा हो तो उनपर रोक लगाने एवं अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन के साथ भण्डारण पर रोकथाम हेतु उड़नदस्तों का गठन कर त्वरित कार्यवाही करने तथा ऐसे करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने नवीन ग्रेनाईट खदानों एवं रेत खदानों हेतु सर्वे कराकर सीमांकन कराने के निर्देश दिये। अवैध रूप से खनिजों की ओवरलोडिंग कर वाहनों के सड़कों में चलने के कारण होने वाले नुकसान को बचाने के लिए कलेक्टर ने एसडीएमों को पुलिस, परिवहन एवं खनिज विभाग का संयुक्त दल गठित कर ऐसे सभी



ओवरलोडिंग के प्रकरणों में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सड़कों पर ओवरलोडिंग कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सार्वजनिक सम्पत्ति के नुकसान, मोटर व्हीकल एक्ट, रोड़ सेफ्टी एक्ट के तहत् कार्यवाही करने को कहा।

इस अवसर पर कलेक्टर ने केशकाल घाट में सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रेडियम, घाट के मोड़ों पर सोलर लाईटों तथा सड़क पर गड्ढों की मरम्मत हेतु निर्देशित करते हुए मरम्मत कार्य न करने पर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। घाट में जाम लगने पर उसे हटाने हेतु आवश्यक क्रेन को एसडीएम केशकाल द्वारा मरम्मत कराकर प्रयोग करने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सीमा ठाकुर, शंकरलाल सिन्हा, सहायक खनिज अधिकारी गौतम नेताम, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्रावास अधीक्षकों को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु दिया गया प्रशिक्षण



**कोण्डागांव ।** विगत दिनों जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जिले के 133 छात्रावास अधीक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय लाईट टच कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर यूनिसेफ की ओर से मानस फाउण्डेशन की मनोवैज्ञानिक उन्नत्ति अरोरा ने बताया कि जिले में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के सहयोग से संचालित संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में संचालित सभी छात्रावासों में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चूंकि ये बच्चें कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं कक्षा के होते हैं इस दौरान बच्चों का मानसिक विकास तेजी से होता है एवं बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना छात्रावास में बिना माता-पिता के करना होता है। ऐसे में उनका मानसिक रूप से सबल होना आवश्यक है। इसके लिए जिले के 133 अधीक्षकों के साथ लाइट टच कार्यशाला आयोजित की गई थी।

### 10 अक्टूबर से 30 अप्रैल तक अन्य राज्यों से धान आयात-परिवहन पर लगेगी रोक

**कोण्डागांव ।** कोण्डागांव जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर जिले के किसानों द्वारा उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर किया जाना है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्य से अवांछित व्यक्तियों के द्वारा धान लाकर खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने का प्रयास किया जा सकता है। जिसे रोकने के लिए राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में दिनांक 10 अक्टूबर 2022 से 30 अप्रैल 2023 तक अन्य राज्यों से धान आयात आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति से ही हो सकेगा। शासन की अनुमति के बगैर आयात-परिवहन करने की स्थिति में निर्देशानुसार कार्यवाही दर्ज की जावेगी। इसके लिए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा संबंधित अधिकारियों को धान के अवैध आयात पर रोक एवं खरीदी हेतु उपर्युक्त व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

### सनातन धर्म की आस्था को आहत करने वाला नानजात कोआखिर माकड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंडागांव ।** हाल ही में बहुचर्चित प्रकरण जिसमें माकड़ी विकासखंड के कावरा निवासी प्रधानअध्यापक शिक्षक नानजात मरकाम द्वारा पवित्र गायत्री मंत्र एवं हिंदू धर्म के देवी-देवताओं का अश्लील व्याख्यान करके सोशल मीडिया में वायरल किया गया था ।जिसमें पुलिस थाना माकड़ी में भारतीय दंड संहिता की धारा 505 (दो) एवं 295 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था ।और आरोपी नानजात का अग्रिम जमानत जिला सत्र न्यायालय कोंडागांव द्वारा



खारिज करने के पश्चात माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी अग्रिम जमानत को अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दिया है।अत:लंबे समय से अपराधी पुलिस को चकमा दे रहा था। और 3 माह के बाद माकडी पुलिस अपराधी नानजात को गिरफ्तार करने में सफल हुई है ।और उसे पुलिस हिरासत में आज दिनांक 26 सितंबर को कोर्ट में पेश किया गया है ।उल्लेखनीय है कि धार्मिक आस्था को एक शिक्षक होकर आहत करने से इस घटना को लेकर सनातन संस्कृति के विभिन्न आध्यात्मिक संगठनों एवं सर्व हिंदू समाज में काफी जनआक्रोश है ।यह गिरफ्तारी उन लोगों के लिए सबक है। जो समाज में उपद्रव अशांति फैलाकर सामाजिक समरसता को तोड़ने का कार्य करते हैं।

और कानून हाथ में लेने का दुस्साहस करते हैं। भारत की विशाल संस्कृति हमेशा से सदाशयता एवं सागर के समान शीतल रहा है। जहां विभिन्न धर्मों को यहां रचने बसने का स्थान मिला ।लेकिन दुर्भाग्य से आज सनातन धर्म एवं भारत की संस्कृति पर ही कुठाराघात किया जा रहा है। और ऐसे कृत्य एक सोची समझी साजिश के तहत हिंदू धर्म की आस्था को खंडित करने के लिए किया जाता है। इन दिनों शांत बस्तर परीक्षेत्र में भी कुछ उपद्रवियों द्वारा हिंदू धर्म ,देवी देवताओं ,पर्व त्योहारों ,पर अनर्गल लेख से सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसा ही झूठ फैलाने का प्रयास किया जा रहा है ।ऐसे लोगों को सनातन संस्कृति के अनुयायी कानून के कटघरे में खड़े करने के लिए कमर कस लिए हैं। नानजात की गिरफ्तारी पर पुलिस प्रशासन के प्रति समाज की प्रबुद्ध जनों एवं बुद्धिजीवीयों ने धन्यवाद प्रकट किया है ।

## गायक कलाकार मास्टर सुनील सिहोरे का जगराता कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** गंज लाइन दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्वार नवरात्रि पर्व पर पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना हर्षोल्लास के साथ की गई। गंजलाइन दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि इस साल माताजी की मूर्ति की स्थापना के दो दशक होने पर बाजे-गाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में मुहल्लेवासियों ने उत्साहित हो शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी कड़ी में माता जी के कृपा एवं आशीर्वाद से इस साल मातारानी का जगराता कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें प्रसिद्ध शंकर भोला भंडारी गायक कलाकार मास्टर सुनील सिहोरे जी का कार्यक्रम कराने का सर्वसम्मति से लिया गया। समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि विगत दो साल से जिले सहित देशभर में कोरोना संक्रमणकाल के चलते लाक डाउन लगा रहा जिसके चलते हर वर्ग ने लाकडाउन का पालन करते हुए घरों में रहे तथा कोई भी सांस्कृतिक आयोजन इस दौरान नहीं हुए। अब जबकि कोरोना संक्रमण नहीं है तब गंज लाइन दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लोगों की मांग पर यह जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## शारदीय नवरात्र में माँ दंतेश्वरी मंदिर बड़ेडोंगर में हजारों भक्तो ने जलाई आस्था की जोत

**फरसगांव।** आध्यात्म नगरी बड़ेडोंगर की पहाड़ो पर विराजमान माँ दन्तेश्वरी के मंदिर में शारदीय नवरात्र में माई की पुजा अर्चना के पश्चात बड़ेडोंगर के सभी मंदिरो में ज्योति कलश स्थापना की गई, भक्तो के द्वारा माँ के दरबार में आस्था की जोत जलाने संख्या तेल 1205 एवं घीं ज्योति की संख्या 59 है संभाग मुख्यालय जगदलपुर की तरह विधि विधान से जोगी बैठाई की गई कन्हारगाँव जोगी परिवार के सदस्य मंशा राम जोगी इस वर्ष भी जोगी रूप में बैठे है पंचमी में विशेष पुजा अर्चना होगी मन्दिर परिसर के विभिन्न आयोजनो में बोना लुट की भी पुरानी परम्परा है बोना लुट अष्टमी हवन के पश्चात यादव समाज के द्वारा प्रसाद तैयार किया जाता है जिसे भक्तो द्वारा रात्रि में लुटा जाता है दूर दूर श्रद्धालुओं भीड़ भारी संख्या में पहुचती है कन्या पुजन के पश्चात जोगी उठाई की रस्म अदा कर मंदिर पुजारी द्वारा माता को साथ लेकर जगदलपुर के लिए





निकलते है कोण्डागाँव के समीप ग्राम पलारी में माता की पाँव धुलाई की रस्म होती है गाँव में जात्रा पुजा का विधान होता है उसके पश्चात जगलपुर पहुचने पर नियमानुसार आज भी विश्राम के लिए अलग से जगह दी जाती है विश्राम के बाद माता के साथ पुजारी एवं अन्य मावली परघाव में शामिल होते है जहाँ राजपरिवार के सदस्य माता की अगुवाई करते है जब राज परिवार कुम्हड़ाकोट में नया खाने पहुचते है और बड़ेडोंगर मंदिर से ले जाये गये प्रसाद को मंदिर के पुजारी और ग्रामीणो के द्वारा राजपरिवार को दिया जाता है इसके पश्चात राज परिवार द्वारा नया खाई की परम्परा की जाती है तीन दिनों के विश्राम पश्चात कुटुम जात्रा के साथ माता की विदाई होती है वापसी बड़ेडोंगर पहुचने पर बाजे गाजे के साथ सभी सदस्यों का स्वागत सत्कार कर मंदिर परिसर में पुजा कर सभी विधि विधानों के बाद ही नवरात्र की पुजा पुर्ण मानी जाती है यह परम्परा कई वर्षो



लगातार चलती आ रही है बड़ेडोंगर में मां दंतेश्वरी मंदिर के अलावा शीतला मंदिर 93, महादेव पहाड़ 101, हिंगलाजी 40, रणवीर बाबा 24, मल्यारीन 26, गौरीबेडा गणेश 06, बालाजी, फुलकुवंर, भंगाराम और गायत्री मंदिर में भी ज्योति कलश की स्थापना की गई आज भी सभी क्षेत्रवासी हर्षोउल्लास से नवरात्र पर्व को मना रहे है ।

## नशे का सेवन कर चालक को ट्रक चलाना पड़ा महंगा

फरसगांव पुलिस ने की कार्यवाही

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 पर नशे का सेवन कर तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाना ट्रक के चालक को महंगा पड़ा, फरसगांव थाना से मिली जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 04 एनपी 2582 के चालक द्वारा ट्रक को लापरवाही पूर्वक चला रहा था , सूचना पर पुलिस ने ट्रक को नेशनल हाइवे 30 संतोष ढाबा के पास रोककर जाँच किया गया, जांच के दौरान वाहन चालक दिलीप निषाद पिता राम प्रसाद निषाद उम्र 44 निवासी ग्राम बेमचा , खल्लारी के द्वारा नशे का सेवन किया जाना पाया गया,



फरसगांव पुलिस के द्वारा नशे का सेवन पर तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चला रहे ट्रक के चालक के खिलाफ एमवी एक्ट की धारा 185,130(3) 177 के तहत कार्यवाही की गई ।

## मुरारीपारा बडेबेन्द्री एवं बाजारपारा कोंडागाँव कब-बुलबुल टीम ने मनाया महान क्रांतिकारी शहीद- ए -आजम अमर शहीद भगत सिंह जी की 115 वीं जयंती

**कोण्डागांव।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला आयुक्त (स्काउट) एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) भीषभदेव साहू एवं जिला सचिव चमनलाल सोरी के मार्गदर्शन मेंशासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंद्री में कब -मास्टर पवन कुमार साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव में फ्लॉग लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में श्रीमती उत्तरा साहू ,श्रीमती मंजू लता उईके, श्रीमती लक्ष्मी साहू ,दौलत राम यादव एवं कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले महान




क्रांतिकारी शहीद -ए -आजम सरदार भगत सिंह जी की 115 वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर कब-मास्टर पवन कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंद्री में एवं फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव में कब- बुलबुल के छात्र- छात्राओं को अमर शहीद भगत सिंह जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह जी का जन्म पंजाब के लायलपुर के बांगा (पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता सरदार किशन सिंह एवं माता श्रीमती विद्यावती कौर थी। सरदार भगत सिंह जी बचपन से ही क्रांतिकारी विचारधारा के थे।

## फिर मिला दो जरूरतमंद परिवारों को प्रशासनिक योजनाओं का फायदा शांति फाउंडेशन

मां दुर्गा के आगमन पर कराया गया घरों का उद्घाटन

**कोण्डागांव।** गौरतलब है कि कोपाबेड़ा में सालों से निवासरत अवतार सिंह मंडावी जो असहाय लाचारी का जीवन जीने में मजबूर थे प्रशासन की इतनी सारी योजनाएं होने के बाद भी ना रहने के लिए मकान था और ना ही ठंड और बारिश से बचने के लिए कोई सुविधा स्थितियां यह थी कि झिल्ली बांध के ठिठुरते ठंड में जीने को मजबूर अवतार सिंह मंडावी जिसे सालों से भोजन पहुंचा रहा शांति फाउंडेशन उसकी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन से निवेदन कर तत्काल में प्रधानमंत्री आवास योजना पास करवा कर ऐसे निर्धन लाचार व्यक्तियों का सहायता का कदम उठाया गया जिसके तहत अवतार सिंह मंडावी पंच बत्ती पटेल जिनके पास रहने को ना घर था ना कोई सहारा प्रधानमंत्री आवास की राशि के अलावा जो अन्य राशि इन घरों में



( जिला प्रशासन नगरपालिका शांति फाउंडेशन पार्षद व राज मिस्त्री संघ का रहा सहयोग )

लगाए जा रहे हैं यह शांति फाउंडेशन ने स्वयं जो लोगों के द्वारा सहयोग किए गए राशि वह राशि इन परिवारों के घर बनाने में लगाएं गए जिन घरों का उद्घाटन आज राजमिस्त्री संघ की पूर्व राज्य मिस्त्री मनसा राम मंडावी निवासी नहर पारा व धन सिंग यादव जी के कर कमलों से कराया गया राजमिस्त्री संघ के द्वारा अवतार सिंह मंडावी को नए कपड़े भी भेंट किए गए आज इन दोनों घरों का नवरात्रि के शुभ मुहूर्त पर दोनों घर का पंडित श्री अनिल आचार्य जी जो शांति फाउंडेशन के सलाहकार के तौर पर पदस्थ हैं उनके द्वारा पूरी विधि विधान से गृह पूजा कर गृह प्रवेश परिवार का कराया गया इन दोनों परिवारों का आगे पीछे कोई भी नहीं है तो शांति फाउंडेशन ने इन्हें आजीवन सहारा देने का निर्णय लिया है इस कार्य को करता देख वार्ड पार्षद बबीता मरकाम ने भी अपना बहुमूल्य सहयोग इसमें प्रदान किया साथ ही राजमिस्त्री संघ जो आज शांति फाउंडेशन का सहयोगी संस्थाओं में से एक है उसने भी अपना बहुमूल्य सहयोग इन कार्यों में दिया है जिस पर शांति फाउंडेशन के अध्यक्ष यतींद्र सलाम ने कहा कि आज देश के माननीय प्रधानमंत्री का यह योजना प्रधानमंत्री आवास योजना जिससे देश के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं आज हर वह गरीब व्यक्ति झोपड़ी में जीने और रहने में मजबूर था आज उसके सर पर पक्का मकान आ रहा है यह बहुत बड़ा बात है इस समाज के लिए यह जिसके लिए मैं देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का राज्य सरकार जो इस योजना में अपनी सहभागिता निभा रहा है।

## सम्पर्क' कंट्रोल रूम के माध्यम से दूरस्थ पंचायतों में हो निरीक्षण- कलेक्टर सोनी

1 अक्टूबर से आत्मानन्द में एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के संचालन हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोण्डागांव।** बुधवार को कलेक्टर श्री दीपक सोनी की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक का आयोजन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के लिए केंद्रीयकृत कंट्रोल रूम के रूप में कलेक्ट्रेट में स्थापित किये गए श्सम्पर्कश् कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय करने के लिए प्रतिदिन अधिकारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाने तथा ऐसे ग्राम पंचायत जो दूरस्थ इलाकों में बसे हैं एवं जहां मोबाइल अथवा भारत नेट की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे क्षेत्रों की नियमित रूप से ऑनलाइन माध्यम से निरीक्षण करने एवं योजनाओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा 01 अक्टूबर से सभी स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में लोवर किंडर गार्टन



(एलकेजी) एवं अप्पर किंडर गार्टन (यूकेजी) कक्षाओं को प्रारंभ कर उनमें सभी प्रवेश प्राप्त बच्चों के लिए 01 अक्टूबर कक शाला प्रवेश उत्सव करने मनाने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनीमिया मुक्त कोण्डागांव अभियान में महिलाओं में हीमोग्लोबिन जांच एवं ऑनलाइन एंट्री के साथ कम हीमोग्लोबिन पाए जाने पर उनकी डॉक्टरों के द्वारा परामर्श कराने के निर्देश दिए साथ ही सुपोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों को रागी हलवा खिलाने को कहा। इसके साथ ही स्कूलों में शिक्षकों के रिकॉल द्वारा बच्चों को जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण के उपरांत रिकॉल बुक निर्माण कर उसे स्कूलों में वितरित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा राजीव मितान क्लब के संचालन हेतु राशि वितरण पूर्ण होने के बाद प्रशिक्षण एवं उनके लिए उनके द्वारा गतिविधियों को संचालित करते हुए लोगों को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए जनपद स्तर पर जगह-जगह शिविरों का आयोजन कर पेंशन प्रकरणों के निराकरण के आदेश दिए।

इस समय सीमा बैठक में गोधन न्याय योजना, मल्टीएक्टिविटी गोठान निर्माण, स्वावलंबी गोठान, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर्स, अतिवृष्टि से फसल क्षति एवं मकान क्षति, मनरेगा कार्यों, हाटबाजार योजना, जर्जर सड़क निर्माण, जाति प्रमाण पत्र निर्माण,मुख्यमंत्री भूमिहीन किसान न्याय योजना, अवैध निर्माणों के नियमितीकरण आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

# सफलता के लिए इच्छाशक्ति के साथ पूरे समर्पण से प्रयास जरूरी- कलेक्टर रानू साहू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में आज सृजन सभाकक्ष में जेईई व एनआईआईटी परीक्षा के इच्छुक उम्मीदवारों हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य जेईई व एनआईआईटी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी तैयारियों, रणनीतियों, समस्याओं व इनके सकारात्मक समाधानों पर चर्चा करना था। सर्व विदित है कि प्रतिष्ठित एमबीबीएस, एमडी और इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए उक्त प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु रणनीतियां सबसे महत्वपूर्ण होती हैं। छात्र और माता-पिता केवल भौतिकी, रसायन, विज्ञान और गणित के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते हैं और नकारात्मक अंकन, समय प्रबंधन,परीक्षा मनोविज्ञान और कई अन्य कारकों के लिए रणनीति तैयार करना भूल जाते हैं, जो प्रतिस्पर्धी माहौल में अंको को सीधा प्रभावित करते हैं, जहां हर अंक मायने रखता है। ऐसे में इंजीनियरिंग और मेडिकल परीक्षा के इच्छुक 11वीं और 12 वीं के छात्रों के लिए रायगढ़ जिले में रणनीति कार्यशाला का आयोजन हुआ जो जेईई और एनआईआईटी जैसे परीक्षा की तैयारियों के लिए उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उनके मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर समाधान प्राप्त करने के लिहाज से बेहद उपयोगी रहा।

कलेक्टर साहू ने अपने जीवन के अनुभव साझा कर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपमें आत्मविश्वास के साथ-साथ अपनी कमी की चेतना का एहसास होना बेहद जरूरी है, इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। आप सबसे पहले यह तय करें कि आप जीवन में क्या बनना चाहते हैं, और उसी अनुरूप अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। स्वयं अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कठिन परिश्रम करें व असफलता से कभी डरे नहीं। अपने विद्यार्थी जीवन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के अनुभवों को साझा करते हुए सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया बेहतर उपयोगी चीजों के लिए जुड़े, हर फील्ड में संभावनाएं हैं, उन्होंने आगे कहा किए हम स्कूल्स ऑफ रायगढ़ यू ट्यूब चैनल लांच करने जा रहे हैं जिसमें ऐसे ही विभिन्न क्षेत्रों के भावी प्रतिभाओं के अनुभवों से परिपूर्ण व विषय वस्तु से संबंधित विभिन्न मोटिवेशनल वीडियोस अपलोड की जाएंगी, जिन्हें रायगढ़ जिले के सभी विद्यालयों में भेजकर प्रदर्शित किया जाएगा, जिनसे शिक्षक व बच्चे प्रेरित हो सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा ने परीक्षा की तैयारियों के संबंध में जीवन के अपने निजी अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कोशिश करना सबसे महत्वपूर्ण है, अपना कैरियर खुद चुनिए, अपनी सफलता की कहानी खुद लिखिए और किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के पहले सबसे पहले अपनी रुचि पहचानिए, अपनी मेहनत के घंटों को तय करें। समय प्रबंधन करते हुए एक समय मे बहुत सारी नहीं सीमित पुस्तके ही पढ़ें और परीक्षा की तैयारियां आज और अभी से शुरु करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें, क्योंकि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं।

कार्यशाला में विशेष वक्ता व काउंसलर के रूप में उपस्थित ओपीजेयू यूनिवर्सिटी के एसोसिएट्स डीन स्कूल ऑफ साइंस डॉ. गिरीश मिश्रा ने विद्यार्थियों को जेईई और नीट परीक्षा हेतु पी-4 का फार्मूला देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी में पी-4 सबसे महत्वपूर्ण होता है। परपस यानि उद्देश्य, पैशन यानि लगन या चाहत, पॉसिबिलिटीज यानि संभावनाएं और पावर यानि स्वयं की ताकत को पहचानना कि आप अपने सपनों को पूरा करने की ताकत रखते हैं या नहीं। विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित डॉक्टर दिनेश पटेल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों की पेरेंटिंग, बच्चों के मनोविज्ञान व सेहत से जुड़ी कई उपयोगी सलाह दी। विदित हो कि डॉक्टर दिनेश पटेल के दोनों सुपुत्रों ने नीट क्वालीफाई किया है।

उल्लेखनीय है कि आयोजित कार्यशाला में जिले के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही जिन्होंने नीट.2022 क्वालीफाई किया है। जिले के नेट-2022 क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थी ओमप्रभु की नीट-2022 में ऑल इंडिया रैंक 44 रही। जिन्होंने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता हासिल करते हुए कुल 720 में 701 अंक हासिल किए। इसके अलावा ओम प्रभु ने सीजीपीएटी में प्रथम रैंक, आईसीवीपीयू क्वालिफाई करते हुए एनएसओ में 73 वां रैंक भी हासिल किया है। नीट-2022 क्वालीफाई करने वाले जिले के दूसरे विद्यार्थी मनन पटेल पिता डॉ.दिनेश पटेल की नीट-2022 में ऑल इंडिया रैंक 568 रही तथा जेईई मेंस क्वालीफाई करते हुए इनकी ऑल इंडिया रैंक 13153, 98.7 परसेंटाइल के साथ रही। नीट-2022 क्वालीफाई करने वाले जिले की तीसरी विद्यार्थी कुमारी शिवानी पटेल पिता देव लाल पटेल, जिन्होंने नीट- 2022 में कुल 720 अंकों में 650 अंक प्राप्त किए।

नीट-2 क्वालीफाई करने वाले जिले के उक्त तीनों विद्यार्थियों ने आज की कार्यशाला में उक्त परीक्षा हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के समक्ष परीक्षा के अपने अनुभवों को साझा करते हुए परीक्षा की तैयारियों संबंधी उपयोगी टिप्स देते हुए कठिन परिश्रम, स्मार्ट वर्क, एनसीईआरटी की बुक पढ़ने, नियमित अध्यापन, नियमित टेस्ट परीक्षा देने, पुराने पेपर सॉल्व करने, अपनी पुरानी गलतियों की पुनरावृति करने से बचने, स्वयं पर विश्वास करने, अपने अध्ययन का समय तय करने, गलत संकल्पना से बचने और अपने कार्य के प्रति पूरे अनुशासन व ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी। कार्यशाला में उपस्थित सभी बच्चों ने जिले के नीट क्वालिफाइड तीनों विद्यार्थियों के अनुभवों को आत्मसात करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया। कार्यशाला में मिले अनुभवों से सभी विद्यार्थी गण संतुष्ट दिखे।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग ने मनाया वर्ल्ड रेबीज डे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में आज वर्ल्ड रेबीज डे मनाया गया। यह खास दिन हर साल 28 सितंबर को मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के ने बताया कि इस दिन को मनाने की शुरुआत साल 2007 में हुई थी। रेबीज एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से इंसानों में फैलती है। इसका कारण है लायसावायरस ये वायरस शरीर में कुत्ते, बिल्ली और बंदर जैसे जानवरों के काटने से प्रवेश करता है। समय रहते बीमारी का पता चलना जरूरी है। आज के दिन को फ्रांसिस वैज्ञानिक लुईस पाश्चर की बरसी के तौर पर भी याद किया जाता है। लुईस पाश्चर ने पहली बार रेबीज की वैक्सीन का विकास कर मेडिकल जगत को अनमोल तोहफा दिया था। विश्व रैबीज दिवस का मुख्य उद्देश्य वैक्सीनेशन के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा रैबीज से बचाव एवं प्रबंधन के उपाय के बारे में जागरूकता फैलाना है। बुखार, सिरदर्द, घबराहट या बेचैनी, चिंता और व्याकुलता, भ्रम की स्थिति, खाना-पीना निगलने में कठिनाई, बहुत अधिक लार निकलना, पानी से डर लगना, अनिद्रा, एक अंग में पैरालिसिस यानी लकवा मार जाना आदि। अगर किसी व्यक्ति को कुत्ते या बंदर ने काट लिया है तो उस जगह को 10 से 15 मिनट के लिए साबुन से साफकरें। उसके बाद बिना देर किए डॉक्टर के पास जाकर 72 घंटे के अंदर इलाज करवाएं। डॉक्टर की सलाह लिए बिना कोई इलाज ना करें। जख्म पर मिर्ची ना लगाएं। जितना जल्दी हो सके वेक्सीन या एआरवी के टीके लगवाएं। जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीकाकरण एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

### नीट, जेईई, क्लेट, एनडीए तथा पीएटी की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु विद्यार्थियों से 12 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा ईडब्ल्यूएस के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण, 500 विद्यार्थी (अनुसूचित जनजाति-150, अनुसूचित जाति-100, अन्य पिछड़ा वर्ग-200 तथा ईडब्ल्यूएस-50) जो ड्राप लेकर नीट, जेईई, क्लेट, एनडीए तथा पीएटी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2022 सायं 5 बजे तक वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा https://hmstribal.cg.nic.in में ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट से अवलोकन एवं डाउनलोड कर सकते है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि की सूचना वेबसाइट से प्राप्त सकते है।

### जिले में 1158.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 28 सितम्बर तक 1158.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1390.8 मिली मीटर, पुसौर में 1438.4, खरसिया में 1138.6, सारंगढ़ में 1344.9, बरमकेला में 1033.8, घरघोड़ा में 921.9, तमनार में 1196.5, लैलूंगा में 1171.7, धरमजयगढ़ में 1080.4, सरिया में 1100.2 एवं छाल में 927.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ लेने कृषक एकीकृत किसान पोर्टल में करें आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जिले के किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ लेने एकीकृत किसान पोर्टल में आवेदन क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से सेवा सहकारी समिति में करने हेतु आग्रह किया है। उन्होंने पंजीयन एवं संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक पूर्ण कराने हेतु कहा है। राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से फसल गिरदावरी का कार्य भी किया जा रहा है। पंजीयन/संशोधन एवं गिरदावरी में फसल क्षेत्र में एकरूपता रहे ऐसी जानकारी दें तभी राजीव गांधी किसान न्याय योजना का सही लाभ मिल पाएगा। पंजीकृत रकबा के आधार पर प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (आशा)के तहत अरहर, उड़द, मूंगफली की खरीदी चयनित उपार्जन केन्द्र लोहरसिंह 2 में की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, खण्ड स्तर में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं राजस्व विभाग के पटवारी से संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक लेकर संचालित योजनाओं की ली जानकारी

विभागीय योजनाओं से आम जनों को प्राथमिकता से लाभान्वित करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभाग में संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा जीएसतंवर, सहित विभाग के खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में मवेशियों को जानलेवा लम्पी स्किन रोग सहित अन्य बीमारियों से बचाने हेतु किए जा रहे टीका कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों को विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी देने एवं प्राथमिकता से लाभांवित करने की हिदायत दी। इस हेतु सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के लिए कहा। कलेक्टर ने गौठानो से जुड़ी सभी समूह की महिलाओं को मल्टी एक्टिविटी से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना शासन की मंशा है। इस हेतु सभी गौठान में मुर्गी बकरी यूनिट प्राथमिकता से प्रदान करने एवं महिलाओं को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

जिले में चल रहे ओबीसी सर्वे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं की कार्य प्रगति की ली जानकारी**

*** नक्शा खसरा अपडेशन, डिजिटल सत्यापन के कार्यों को मिशन मोड में अभियान चलाकर करें पूर्ण-कलेक्टर**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम फ्लेगशीप योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए टीकाकरणए गौठानों में गोबर खरीदी, खाद बनाने, आजीविका गतिविधियां, गिरदावरी कार्य, सड़को की मरम्मत, राजस्व के लंबित प्रकरण, टीएल के लंबित प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादवए अपर कलेक्टर, आई एल ठाकुर,लवीना पांडेय, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने आगामी 2 अक्टूबर को पूरे राज्य में ग्रामीण औद्योगिक केंद्र की होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम के लिए जिले में चिन्हांकित गौठानो में आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिले में चल रहे ओबीसी सर्वे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही रूरल ओलंपिक खेल आयोजन की भी तैयारियां पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में खरीफ वर्ष में धान खरीदी की तैयारियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस हेतु नए समितियों में सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर सिस्टम, ऑपरेटर व्यवस्था सहित,किसानों का खाता मिलान, बारदाने की उपलब्धता, पीडीएस बारदाने का भंडार जैसे अन्य कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने राइस मिलर्स से चावल जमा करने की स्थिति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से चावल जमा कराने की बात कही। अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर आमजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं खाद निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का उठाव कराने की बात कही। गौठानों में संचालित आजीविका गतिविधियों की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए उन्होंने मुर्गी-बकरी पालन, साग सब्जी उत्पादन सहित अन्य गतिविधियां प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कोविड टीकाकरण की समीक्षा करते हुए छूटे हितग्राहियों का सर्वे पूर्ण कराकर जल्द से जल्द शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। गिरदावरी कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्धारित समयावधि में शत प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण करने के लिए कहा इस हेतु राजस्व व कृषि विभाग के टीम को किसानों के खेतों में जाकर वास्तविक गिरदावरी करने की बात कही। स्कूली बच्चों की जाति प्रमाण.पत्र प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी स्कूलए आश्रम.छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों का शत प्रतिशत जाति प्रमाण.पत्र बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों को समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम व तहसीलदार कोर्ट में लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत कराने के लिए कहा। उन्होंने नक्शा.खसरा अपडेशनए डिजिटल सत्यापन के कार्यों को मिशन मोड में अभियान चलाकर पूर्ण कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। इस हेतु सभी राजस्व अधिकारियों को अपने राजस्व न्यायालयों में नियमित प्रकरणों की सुनवाई करने एवं निराकृत करने की हिदायत दी। इसी प्रकार विवादितए अविवादित नामांतरणए खाता विभाजनए डायवर्सनए नजूल पट्टे का व्यवस्थापनए अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लंबित प्रकरणों को बीबी शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

# ग्राम बेंगटा के सोलर ड्यूल पंप के स्विच में नहीं थी किसी प्रकार की खराबी

टंकी में हुए दरार का विभाग द्वारा किया गया मरम्मत कार्य



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

क्रेड़ा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर विकासखण्ड के ग्राम बेंगटा में स्थापित सोलर ड्यूल पंप के टंकी में दरार होने के कारण पानी का बहाव हो रहा था। जिसे विभाग द्वारा विगत 14 सितम्बर को सुधार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेंगटा में स्थापित सोलर ड्यूल पंप के स्वीच में किसी प्रकार की खराबी नहीं थी। वर्तमान में सोलर ड्यूल पंप कार्यशील है एवं टंकी से पानी का बहाव नहीं हो रहा है। साथ ही ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

**वर्तमान में बेंगटा में सोलर ड्यूल पंप कार्यशील है**



# निःशुल्क बूस्टर डोज का लाभ लेने हेतु केवल 2 दिवस ही शेष

**कलेक्टर ने आम जनों से 30 सितम्बर तक टीका लगवाकर निःशुल्क बूस्टर डोज का लाभ लेने का किया आग्रह**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाकर कोविड से बचाव हेतु 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को नि:शुल्क बूस्टर डोज लगाया जा रहा है।



जिसके तहत सभी विकासखंडों में सार्वजनिक स्थानोंए हाट बाजारों, चौक चौराहों में शिविर का आयोजन कर पात्र लोगों को टीका लगाया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर छूटे लोगों को बूस्टर डोज लगा रहे है। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 15 जुलाई 2022 से 30 सितम्बर 2022 कुल 75 दिवस तक सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क टीकाकरण लगाया जा रहा है। इस हेतु नि:शुल्क बूस्टर डोज का लाभ लेने हेतु केवल 2 दिवस ही शेष है। कलेक्टर ने आम जनों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु निर्धारित समयावधि में टीका लगवाकर नि:शुल्क बूस्टर डोज का लाभ लेने का आग्रह किया है।



# राष्ट्रीय पोषण माह बदल रहा लोगों के खाने का तरीका

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 सितम्बर से 30 सितम्बर के बीच राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जनसामान्य को पोषण के महत्व को बताना एवं सुपोषित आहार से स्वास्थ्य व्यवहार को विकसित करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले इस माह में जिले में विभिन्न गतिविधियां हुई।**



अब आखिरी के दो दिनों में सभी आंगनबाड़ियों में स्वस्थ बालक.बालिका प्रतिस्पर्धा हो रही है तो घर.घर जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों से पोषण माह के बारे में फीडबैक ले रही है। पोषण माह का जिला स्तर पर फीडबैक लेने के लिए राज्य महिला बाल विकास विभाग से आए हैं। पोषण माह के दौरान तिरंगा थाली यानी हरा, पीला, सफेद रंग के पोषणकारी साग, सब्जियों, भोजन, मिट्टी का खिलौना बनाओ प्रतियोगिता, पोषण फैशन वॉक, रेडी टू ईटी व्यंजन प्रतियोगिता, पोषण से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता, स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता में लोग खासा रूचि लेते हैं। बच्चों के साथ उनके पालक भी आते हैं और इन सभी प्रतियोगिताओं और क्रिया-कलापों का पोषण के प्रति जागरूकता लाने का उद्देश्य इससे पूरा भी हो जाता है। इस बार कोविड संक्रमण का खतरा अपेक्षाकृत कम था फिर भी कोविड के नियमों का पालन करते हुए पोषण माह विभिन्न विभागों की सामूहिक सहभागिता से मनाया जा रहा है। पोषण को लेकर अब तक हुई गतिविधियों के बारे में और आगे की कार्ययोजना के संदर्भ में मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी हुई। जिसके बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया सुपोषित आहार स्वास्थ्य जीवन की कुंजी है। इसी आहार के बारे में जागरूकता लाने के लिए पोषण माह मनाया जा रहा है। इस बार बाल सुधार



गृह में रहने वाले बच्चों को भी पोषण माह में शामिल किया गया। साथ ही इस बार जिले के 3,409 आंगनबाड़ियों में से 1,758 आंगनबाड़ियों में पोषण वाटिका लगाई जाएगी। इसे 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### पोषण माह का लोगों को रहता है इंतजार-निर्मला देवांगन

हमीरपुर सेक्टर की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर निर्मला देवांगन जिन्हें बीते साल पोषण वाटिका के लिए राज्य स्तर पर सम्मान मिला था वह बताती हैं। श्ग्रामीण क्षेत्रों में तो लोग साग-भाजी का सेवन करते हैं पर उन्हें कैसे और कब खाना, किसमें पोषण अधिक और किसमें नहीं जैसी चीजें आंगनबाड़ी में बताई जाती है। आंगनबाड़ी के माध्यम से कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। पहले पोषण सप्ताह मनाया जाता है अब माह का आयोजन होता है। हालांकि हम सालभर पोषण के लिए कार्य करते हैं पर इस विशेष माह में हर दिन अलग.-अलग गतिविधियों के कारण लोग आते हैं और हमारे कार्यकर्ता भी उत्साह में रहते हैं। सालभर इस माह का लोगों को इंतजार रहता है। पोषण माह के माध्यम से लोगों में पोषण की जागरूकता तो आई है लोग स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत हो रहे हैं। एनीमिया जांच के लिए किशोरी बालिकाओं में खासा उत्साह रहता है। छोटे बच्चों को योग के आसन सीखते देख उनके पालक खुश हो जाते हैं यह सब इसी माह में होता है।

### बनेंगे 5 हजार से अधिक व्यक्तिगत बाड़ी

*महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बतायारू महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा-पोषण भी पढ़ाई भी, जेंडर संवेदी जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा आदिवासी क्षेत्र के महिलाओं एवं बच्चों हेतु परंपरागत आहार की थीम पर पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण के लिए सिर्फ एक ही माह क्यों इसे आगे भी बनाए रखने लिए हमने उद्यानिकी विभाग को व्यक्तिगत बाड़ी बनाने के लिए कहा है जिसके लिए घरों का चयन किया जा चुका है। बीते वर्ष जिले में 5,553 व्यक्तिगत बाड़ी बनाए गए थे इस बार भी इतने ही बाड़ी बनाए जाएंगे जिससे पूरे घर को पोषण की महत्ता पता चलेगी। आगामी दिनों में इनकी संख्या बढ़ेगी और वह दिन दूर नहीं जब फि र से लोगों में बाड़ी के पोषक साग-सब्जियों को उपयोग में लाने की परंपरा आ जाएगी।*

## एक नजर

### आबकारी विभाग द्वारा जशपुर के मधुवनटोली में अवैध शराब किया गया जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विगत दिवस आबकारी विभाग द्वारा जशपुर विकासखण्ड के मधुवनटोली बेलपहाड़ स्थित एक मकान की विधिवत तलाशी लेकर अवैध शराब जब्त किया है। जिसमें 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब व 160 किग्रा महुआ लाहन शामिल है। साथ ही आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही किया जा रहा है।

### नारी शक्ति पुरस्कार वर्ष 2022 हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार वर्ष 2022 हेतु नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि नारी शक्ति पुरस्कार हेतु व्यक्तियों, संस्था या संगठन के अंतर्गत कोई भी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिन्होंने महिलाओं को निर्णय लेने की भूमिका में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित, महिलाओं को परंपरागत और गैर पारंपरिक क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया हो। जिसके अंतर्गत विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं खेल, कला, संस्कृति आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य शामिल है। उन्होंने बताया की किसी संस्था द्वारा पुरस्कार के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में संस्था को प्रासंगिक क्षेत्र में कम से कम 5 वर्ष तक कार्य किया होना आवश्यक है। आवेदक की आयु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक 25 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को प्रदान किया जाता है। इस हेतु नामांकन व आवेदन ऑनलाईन पोर्टल ूएंतकेण्हवअण्पद के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इस हेतु नामांकनए आवेदन ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित है।

### सरबकोम्बो से साहीडाड़ मार्ग में जीएसबी कार्य का सही लाईन ग्रेड एवं क्रास सेक्शन के अनुरूप प्राप्त होने व पूर्ण होने के पश्चात ही माप लिया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग उपसंभाग पत्थलगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार बगीचा विकास खण्ड के सरबकोम्बो से साहीडाड़ मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मार्ग के किलोमीटर 39.40 में मिट्टी का कार्य किया गया है जो अत्याधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुआ था। मार्ग में जीएसबी मटेरियल डालकर म मरम्मत कराकर आवागमन योग्य किया गया है। साथ ही 40/8.10 किलोमीटर में लगभग 370 मीटर लंबाई औसतन13 मीटर चौड़ाई में जीएसबी का कार्य प्रगतिरत है। उक्त मार्ग में जीएसबी कार्य का सही लाइन ग्रेड एवं क्रॉस सेक्शन के अनुरूप प्राप्त होने व पूर्ण होने के पश्चात ही माप लिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्ग में प्रगतिरत कार्य का ही समाचार पत्र में 8 इंच के स्थान पर 7 इंच बताया गया है जो कि तर्क संगत नहीं है। न ही मेथोडोलॉजी एवं सिकवेन्स ऑफवर्क के अनुरूप है। उक्त सड़क निर्माण में अनुबंध के अंतर्गत मार्ग में जीएसबी का कार्य केवल 4 किलोमीटर में ही प्रावधानित है। जिसे समाचार पत्र में 67 किलोमीटर दर्शाया गया है जो कि गलत है। निर्माण कार्य मे गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाएगी। वर्तमान में उक्त अनुबंध अंतर्गत किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।

### बहुउपयोगी साबित हो रहा है जेवरतला का आदर्श गौठान

**बालोद** । राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला में निर्मित आदर्श गौठान कई दृष्टि से ग्रामीणों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बहुउपयोगी साबित हो रहा है। पशुधन की सुरक्षा के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु शुरू की गई गौठान योजना राज्य शासन की मंशानुरूप मल्टीएक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित होकर आज विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों एवं जरूरतमंद लोगों के जिंदगी को संवारने एवं सुधारने का कारगर माध्यम बन गया है। जेवरतला गौठान में निरंतर आजीविकामूलक गतिविधियॉ संचालित होने से आज यह गौठान पशुधन के संरक्षण एवं संवर्द्धन की उपयुक्त स्थल होने के साथ-साथ ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दृष्टि से आशा एवं आकांक्षा का केन्द्र बन गया है।

## श्रम विभाग द्वारा निर्माणी मजदूरों व असंगठित कर्मकारों का हो रहा निःशुल्क पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत निर्माणी मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 73977 मजदूरों का पंजीयन हुआ है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 79973 मजदूरों का पंजीयन हुआ हैं। विभाग के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन नि:शुल्क हैं एवं किसी भी सीएससी सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। वर्तमान में शासन द्वारा श्रम विभाग के पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन हेतु मोबाइल एप श्रमेव जयते जारी किया गया है। जिसमें श्रमिक स्वत: ही अपना पंजीयन कर सकते है एवं पंजीकृत श्रमिक योजना हेतु आवेदन कर सकते है। उक्त आवेदन गूगल प्ले स्टोर अथवा श्रम विभाग की वेबसाईट cglabour.nic.in में उपलब्ध है। श्रमिक पंजीयन हेतु मुख्य दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, बैंक खाता, 1 फोटो निर्माणी श्रमिक हेतु नियोजन प्रमाण पत्र एवं स्वयं का मोबाईल नंबर आवश्यक है। छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत महतारी जतन योजना, असंगठित कर्मकार अंतर्गत असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, छात्रवृत्ति सहायता योजनाएँ मुख्य रूप से संचालित है।

## अंबेटिकरा माता के दरबार में प्रज्वलित हुए सैकड़ों ज्योति कलश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मांड की तट पर विराजमान मां अम्बे की ख्याति दूर दूर तक है। जहां भक्तजनों की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं भक्तजन मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। वर्ष के दोनों नवरात्र में यहां सैकड़ों की संख्या में ज्योति प्रज्वलित होती है। वर्ष के सभी दिन भक्त माता का दर्शन करने आते हैं। लेकिन नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण आते हैं। नवरात्रि में दानदाताओं के सहयोग से भोग भंडारा का आयोजन किया जाता है। जहां भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। धरमजयगढ़ से पश्चिम दिशा में 6 किलोमीटर की दूरी पर माता का मंदिर है। चैत्र नवरात्र में यहां मेला भी लगता है।





## आज मनाया जाएगा विश्व हृदय दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

तंबाकू सेवन, अस्वस्थ आहार सेवन, अनियमित जीवनशैली, शारीरिक निष्क्रियता और शराब के सेवन से हृदय रोग होने का खतरा बढ़ रहा है। जबकि इन मुख्य कारकों पर नियंत्रण किया जाए तो 80 प्रतिशत हृदय रोग संबंधी मामलों को कम किया जा सकता है। इसी दिशा में जन-जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर हृदय से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाता है । इस वर्ष ष्कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ फ ॉर एवरीवन थीम पर विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक एनपीसीडीसीएस संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ के द्वारा पत्र जारी कर दिशा.निर्देश भी दिए गए हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि भारत में हृदय से संबंधित रोगों से लगभग 28.1 प्रतिशत लोगों की मृत्यु प्रतिवर्ष हो रही है, जो गंभीर विषय है, ऐसे में हृदय रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम काफ ी अहम और कारगर हैं। विश्व हृदय दिवस कार्यक्रम के लिए राज्य एनसीडी सेल द्वारा समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कोविड-19 के समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर हृदय स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पतालए स्कूल-कालेज आदि में हृदय रोग के प्रति जागरूकता से संबंधित ब्रोसर एवं पम्पलेट वितरण किया जाएगा। इसी तरह सार्वजनिक पर जागरूकता के लिये रेलवे स्टेशनए बस स्टॉपए सिनेमा घर जैसे स्थानों पर ब्रोसर एवं पम्पलेट वितरण किया जाएगा। स्वस्थ भोजन पर भी लोगों जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में रायपुर में गैर संचारी रोग एनसीडी की जिला सलाहकार डॉ. सृष्टि यदु ने बताया तम्बाकू, शराब व इस तरह के अन्य मादक पदार्थों को त्याग कर संयमित जीवन शैली, स्वस्थ आहार, योगा को दिनचर्या में शामिल करने पर हृदय रोगों से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। इस दिशा में जन-जागरूकता के लिए जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं जिले में 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक मुख्यालयों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी पीएचसी, सीएचसी में लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। वहीं जिला अस्पताल में ईसीजी की व्यवस्था भी रहेगी। हृदय रोग संबंधी जागरूकता के लिए यह होंगे प्रयास शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा हैए हृदय संबंधी रोग हेतु शिविर में निशुल्क डायग्नोस्टिक सुविधा अनिवार्य होगी। इसमें उच्च रक्तचाप, रक्त शर्करा, बीएमआईए सीरम कोलेस्ट्रॉल, एचडीएल, व्हीएलडीएल, पोर्टेबल ईसीजी की सुविधा दी जाएगी। सूचना शिक्षा संचार गतिविधि रेडियो जिंगल, टीवी, दूरदर्शन में वीडियो क्लिपिंग का प्रदर्शनध्रेडियो स्पॉट का प्रसारण किया जाएगा जिसमें हृदय की देखभाल को बताया जाएगा साथ ही तंबाकू और अन्य नशे से हृदय को होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। हृदय रोग संबंधी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। जंक फूड से होने वाले दुष्प्रभाव पर जागरूकता लाने के कार्यक्रम भी होंगे। हृदय रोगियों के लिये विशेष योग शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद करेंगे 30 सितंबर को पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



*प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव,प्रदेश संघठन महामंत्री पवन साय,ओपी चौधरी सहित प्रदेश के अनेक नेता होंगे शामिल*

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने में फेर बदल हुआ जिसमे घरघोड़ा के युवा राष्ट्रवादी नेता शकील अहमद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। शकील अहमद के नियुक्ति से जिले सहित पूरे प्रदेश हर्ष और उत्साह का माहौल तैयार हो गया। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद का पदभार ग्रहण एव आभार कार्यक्रम प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 30 सितंबर को प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ,प्रदेश संगठन महामंत्री, पवन साय,भाजपा प्रदेश महामंत्री द्वय,केदार कश्यप,ओपी चौधरी,अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी डॉ सलीम राज,मोर्चा प्रदेश प्रभारी, जोसेफ जान हकिंग्स,प्रदेश कार्यालय प्रभारी,नरेश चंद्र गुप्ता , प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी, रजनीश शुक्ला,अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, नवीन मार्कण्डेय,अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम,केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग पूर्व सदस्य,यशवंत जैन,भाजपा प्रदेश शोसल मीडिया प्रभारी प्रशांत ठाकुर,अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,आरिफ खान, सहित आनेक भाजपा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस पदभार एवं आभार कार्यक्रम में सभी सम्माननीय भाजपा और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पधाधिकारी,कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य,स्थाई आमंत्रित सदस्य,जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री,जिला पधाधिकारी,मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता सादर आमंत्रित है।

## अंडर 16 का ट्रायल 2 अक्टूबर को, सभी वर्ग के पंजीयन होना शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आगामी वर्ष के लिए शेड्यूल में सभी उम्र वर्ग के लिए सत्र शुरू हो चुका है। जिसके अंतर्गत अंडर 16 का ट्रायल 2 अक्टूबर को होने जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि आगामी वर्ष के लिए अंडर 16 की टीम अभी से चुनकर अभ्यास करवाया जाएगा।**





जिसके लिए संस्कार पब्लिक स्कूल कैम्पस स्थित संस्कार क्रिकेट एकेडमी में 2 अक्टूबर को प्रातरू 10 बजे से ट्रायल लिया जाएगा। इसके लिए सभी 16 के खिलाड़ियों को प्रात: 9 बजे मैदान पर संस्कार पब्लिक स्कूल कैम्पस पहुंचना होगा। अंडर 16 के ट्रायल हेतु वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार एवं जफ र उल्लाह सिद्धीकी को चयनकर्ता के रूप में मनोनीत किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों को शामिल होने की अपील की है। जिस भी उम्र वर्ग के खिलाड़ी इस वर्ष जिला क्रिकेट के ट्रायल में शामिल होना चाहते हैं वे सभी अपना पंजीयन जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में शाम 5 से 8 बजे तक अनिवार्य रूप से करवा लें। चाहे उनका ट्रायल कभी भी हो। फि लहाल अंडर 16 का ट्रायल 2 अक्टूबर को होने जा रहा है।

### यह है नियमावली

जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि 30 सितंबर तक पंजीयन करवा ले ताकि ट्रायल के समय खेल से वंचित न हो। सभी उम्र वर्ग के खिलाड़ियों को पंजीयन हेतु पंजीयन फार्म, पिछले 6 वर्ष की शैक्षणिक मार्कशीट, डिजीटल एवं मेनवल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वर्तमान में ली हुई पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा हर वर्ग हेतु डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र रहना अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने सभी से अपील की है कि वे अपना डिलीटल जन्म प्रमाण पत्र बनवा लें।

### यह है उम्र सीमा

*सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि ट्रायल देने के पूर्व अपनी उम्र सीमा की जांच जन्म प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट में अवश्य कर लेवें। अंडर 16 के ट्रायल हेतु 1 सितंबर 2007 से 31 अगस्त 2009 के बीच के खिलाड़ी ही इसमें शामिल हो सकते हैं। अर्थात 1 सितंबर 2007 के पूर्व जन्म लेने वाले तथा 31 अगस्त 2009 के बाद जन्म लेने वाले कोई भी खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए सभी खिलाड़ी उम्र के अनुसार ही ट्रायल देने आवे।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in